CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मेरठ, सोमवार 11 अगस्त 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 71 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर पेज 2



एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजीः निशा, मुस्कान और राहुल कुंडू ने जीता स्वर्ण खेल टाइम्स




फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री! सम्पादकीय



गाजा पर कब्जे की योजना के खिलाफ उतरा तुर्की पेज 12

# बिजनौरः कुएं की जहरीली गैस से तीन भाइयों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



एक को बचाने के चक्कर में गई तीनों की जान

**बिजनौर।** कुएं की जहरीली गैस से दो सगे और एक चचेरे भाई की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से कोहराम मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम सरकथल है। ग्राम में धर्मवीर सिंह के खेत है। उनका पुत्र छत्रपाल सिंह (27 वर्ष) रविवार सुबह लगभग दस बजे अपने जंगल में गया था। उसे खेतों में पानी देखना था। इस बीच वह आगे बढ़ कर खेत में बने कुएं में मौजूद अपनी मोटर को देखने लगा। उसे शक था कि कहीं चोरों ने मोटर तो पार नहीं कर दी है। वह कुएं के अंदर उतर गया। कुएं में बरसात की वजह से जहरीली गैस बन रही थी। गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। जब वह कुएं से बाहर नहीं आया, तो उसके चाचा हरि सिंह के पुत्र हिमांशु (22 वर्ष) व कशिश (20 वर्ष) भी कुएं में झांकने लगे। उन्होंने छत्रपाल सिंह को कुएं में बेहोश पड़ा देखा। उसे बाहर निकालने के लिए वह भी नीचे उतर गए। नीचे जाकर वह भी बेहोश हो गए। यह खबर ग्रामीणों तक पहुंची। तीनों को जैसे-तैसे रस्सियों से बांध कर बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# ऑपरेशन जिंदगीः धराली में रेस्क्यू तेज, अब तक 1273 लोगों को बचाया

शाह टाइम्स संवाददाता





हर्षिल में बिजली-संचार व्यवस्था बहाल, सड़क की कनेक्टिविटी पर फोकस

**उत्तरकाशी।** धराली-हर्षिल वैली में आपदा राहत कार्य के छठे दिन मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ है। रविवार शाम तक 1273 से ज्यादा लोग सेना के एमआई 17 और चिनूक समेत राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाले गए हैं। भारत-चीन सीमा और गंगोत्री धाम को जोड़ने वाला लिम्चागाड़पुल तैयार होने से अभियान तेज होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा कर रहे हैं।

उत्तरकाशी में आपदा राहत कार्य के छठे दिन रविवार 10 बजे मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ। अब तक 1273 से ज्यादा लोग सुरक्षित निकाले गए हैं। इनमें से 480 लोगों को शनिवार को हर्षिल और नेलांग से निकालकर जौलीग्रांट, मातली और चिन्यालीसौड़ पहुंचाया गया। हेलीकॉप्टरों के 270 सोर्टीज के जरिये चिन्यालीसौड़, जौलीग्रांट, मातली और हर्षिल से आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लोगों को पहुंचाया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार 5 अगस्त को जिले के धराली में एक स्थानीय मेला 'हरदूदू' का आयोजन भी होना था। इसमें शामिल होने के लिए उत्तरकाशी और आसपास के इलाकों से भी लोग आए हुए थे। इसके अलावा स्थानीय लोग, होटल, होमस्टे में काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। ठीक दिन के 1:25 मिनट पर महज 34 सेकंड में खीर गंगा के रौद्र रूप में आने के बाद तबाही और राहत-बचाव कार्यों की तस्वीरें सामने आई हैं। राज्य सरकार पूरी तत्परता -शेष पृष्ठ दो पर

## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में दावा किया है कि उन्होंने 58 करोड़ रुपये की अपराध से कमाई हासिल की। यह रकम दो कंपनियों के जरिये आई। ईडी का कहना है कि इस धन का इस्तेमाल वाड्रा ने संपत्तियां खरीदने, निवेश करने और अपनी कंपनियों के कर्ज चुकाने में किया। ईडी के मुताबिक, आरोपित 58 करोड़ रुपये में से 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिये और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) के जरिये आए। दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज बारिश के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205 मी. से नीचे है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत आधे से ज्यादा राज्य में 24 साल में पहली बार है कि अगस्त महीने के पहले 9 दिन बिना बारिश के बीते। यहां एक मिमी भी बारिश नहीं हुई। 14 अगस्त से मौसम बदलने के आसार हैं, क्योंकि 13 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जो एक बड़े मानसूनी सिस्टम में बदल सकता है। यूपी में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। रविवार को भी 5 जिलों में बहुत तेज बारिश हो रही है।

## खामियां दूर करके फिर लागू होगी पीएम इंटर्नशिप योजना

**नई दिल्ली।** पीएम इंटर्नशिप योजना के पहले दो राउंड के नतीजे निराशाजनक रहे। इसके बाद केंद्र सरकार ने शीर्ष संस्थाओं से अध्ययन कराया। इसमें कंपनी की लोकेशन, एज लिमिट जैसी चार खामियां सामने आईं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने इन खामियों को दूर करके योजना को लागू करने का रोड मैप बनाया है। नए प्लान को पीएम कार्यालय को सौंपा जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बोले मोदी

# दुनिया ने नए भारत का चेहरा देखा

बेंगलुरु, वार्ता



बेंगलुरुः बैंगलोर मेट्रो चरण-2 परियोजना के अंतर्गत आरवी रोड से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन मेट्रो को हरी झंडी दिखाते पीएम मोदी।

**कहाः ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत**

**आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंची**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु का दौरा किया। यहां उन्होंने बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बेंगलुरु आया हूं।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल का प्रमाणः सीडीएस चौहान

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उन्होंने 21 वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों व सीडीएम, सिकंदरा बाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों में एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं का उल्लेख किया। जनरल अनिल चौहान ने प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया।



# जल्द हो सकता है पाकिस्तान से अगला युद्धः आर्मी चीफ

चेन्नई, वार्ता



हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्री हैंड दिया थाः उपेन्द्र द्विवेदी

**भारत के** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी।


इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो रविवार को सामने आया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है, जिसने पूरे देश को प्रेरित किया।

## पूर्व उपराष्ट्रपति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उठाए सवाल

**मुंबई/नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं और इसे भारत जैसे एक लोकतांत्रिक देश के लिए गलत करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार श्री धनखड़ के बारे में जानकारी छिपाती रही, तो भारत गठबंधन बंदी प्रत्यक्षीकरण प्रावधान के तहत सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार करेगा।

# सबके बॉस तो हम हैंः राजनाथ सिंह

### ट्रम्प का नाम लिए बिना रक्षा मंत्री ने कसा तंज



कहाः कुछ लोग भारत के विकास से खुश नहीं

**भोपाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के दौरे पर थे। जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमि पूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर हमला बोला।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। सबके बॉस तो हम हैं। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे। यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती। रक्षा क्षेत्र को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं। यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया।

# राहुल ने 'वोट चोरी' के खिलाफ शुरू किया मिस्ड कॉल अभियान

## नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल का आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर फोन नंबर 9650003420 जारी किया
- इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों का संसद से चुनाव आयोग तक मार्च आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए इस मुद्दे पर और आक्रामक रुख अपनाते हुए इसके खिलाफ मिस्ड कॉल सार्वजनिक अभियान शुरू किया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को फोन नंबर 9650003420 जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जन समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ़-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ़ है कि पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। श्री गांधी ने जनता से इस मुहिम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि आप भी हमारे साथ जुड़ कर वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में हमें अपना समर्थन दें और वोट चोरी-इन/एकडिमांड पर जाएं या 9650003420 पर -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार मतदाता सूची में चल रही मनमर्जी, लोकतंत्र तबाही की ओर : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैंकड़ों लोगों के नाम चढ़ा कर लोकतंत्र को तबाह किया जा रहा है। कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल पेज पर रविवार को एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं। पार्टी के अनुसार चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय में साफ कहा कि हम बिहार के उन 65 लाख लोगों के नाम नहीं बताएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत बिल जमा न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** विद्युत बिल जमा करने के बावजूद विद्युत आपूर्ति न होने की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उप्र पावर कारपा. रेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है, साथ बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। अध्यक्ष की तरफ से सभी वितरण निगमों को जारी निर्देश जारी किया गया है।

### अब खड़गे देंगे इंडिया गठबंधन के नेताओं को डिनर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग पर 'वोट की चोरी', बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### सुनाई देंगी 30 अमर शहीदों की गाथाएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगस्त क्रांति के अवसर पर रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों की स्मृति में तैयार किए गए शहीद वॉल पर स्मार्ट जोन का भव्य उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने किया। शहीद वॉल के संस्थापक वीरेंद्र पाठक ने बताया कि स्मार्ट जोन में खड़े होकर भारतीय तिरंगे को सलामी देने पर प्रयागराज के स्वतंत्रता आन्दोलन और वहां प्रदर्शित 30 अमर शहीदों की गाथाएं स्वचालित रूप से सुनाई देंगी।

# फर्रुखाबाद और मथुरा बाढ़ की चपेट में

**फर्रुखाबाद/मथुरा**

### पानी गांवों में घुसा, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबतें



यूपी के फर्रुखाबाद जिले में गंगा के किनारे बसे तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। बाढ़ की चपेट में कई गांव आने की आ गए हैं। वहीं अमृतपुर तहसील क्षेत्र के चित्रकूट गांव में बाढ़ से हालात काफी खराब हो गई है। जिसमें ज्यादातर की आजीविका कृषि कार्यों पर ही निर्भर है।

बाढ़ से फसलें पहले ही तबाह हो गई है। ग्रामीण छतों पर पन्नी डालकर रहने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन बाढ़ क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों में मदद देने में लगा हुआ है।मथुरा में भी यमुना के उफान पर आने से देहात क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। सड़कों पर 3 से 4 फीट पानी भर चुका है। सैकड़ों बीघा खेती डूब गई है। देहात क्षेत्र के नौहझील और शेरगढ़ मार्ग पर सड़कों पर पानी बढ़ जाने के कारण लोग परेशान हैं। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण वृंदावन के केसी घाट पर पूजा स्थल और यमुना आरती के घाट पर भी पानी आ गया है।

विश्राम घाट पर यमुना नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण पानी में आठ सीढ़ियां पानी में डूब चुकी हैं। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है। मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया कि 48 घंटे तक उत्तर प्रदेश में बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। ज्यादातर जिलों में आसमान साफ रहेगा। तापमान में 2 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी। इसके बाद फिर से मौसम करवट लेगा। 12 अगस्त से पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर भारी से ज्यादा भारी बारिश तथा 13 व 14 अगस्त को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी से ज्यादा भारी बारिश होने की संभावना है।

# उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ प्रशिक्षण को इटली भेजे जाएंगे पायलट, नागरिक उड्डयन विभाग ने मंजूरी देते हुए आदेश जारी किया

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हेलीकाप्टरों में शुमार अगस्ता एडब्लू 139 जल्द यूपी सरकार के बेड़े में शामिल होगा। इस हेलीकॉप्टर खरीद की मंजूरी के साथ ही तीन पायलटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा।

नागरिक उड्डयन विभाग ने इसकी मंजूरी देते हुए आदेश जारी कर दिया है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की निर्माता कंपनी इटली की लियोनार्डो हेलीकाप्टर है, जो पायलटों को हेलीकॉप्टर की उड़ान के लिए तकनीकी और आपात स्थिति में लैंडिंग का प्रशिक्षण देगी। इसके तहत कैप्टन अमित कुमार भूटानी और कैप्टन अक्षय जायसवाल को 13 अगस्त से 10 अक्तूबर तक और कैप्टन राजेश कुमार शर्मा को 9 अक्तूबर से 27 नवम्बर तक विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। विदेश यात्रा के दौरान उनके हवाई किराया, दैनिक भत्ता, होटल, बीमा, वीजा शुल्क आदि पर 50.40 लाख रुपए के खर्च को शासन ने मंजूरी दे दी है। अमित और अक्षय पर प्रति पायलट 17.61 लाख रुपए और राजेश शर्मा पर 15.18 लाख रुपए खर्च होंगे। प्रदेश सरकार हेलीकाप्टर के अलावा एक नया अत्याधुनिक चार्टर्ड प्लेन भी खरीदने की तैयारी कर रही है। चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने में 600 से 700 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इससे पहले मायावती और अखिलेश यादव के शासनकाल में चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर की खरीद हुई थी।

योगी सरकार में पहली बार चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला हुआ है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर के साथ फ्रांस के में बने फ्लेकन या बाम्बार्डियर चार्टर्ड प्लेन को लेकर विचार किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप की चार बड़ी कंपनियों ने चार्टर्ड प्लेन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक नया चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर खरीद के साथ ही सरकार के हवाई बेड़े में पांच चार्टर्ड प्लेन और चार हेलीकॉप्टर हो जाएंगे। देश के किसी भी राज्य की सरकार के पास इतने चार्टर प्लेन और हेलीकॉप्टर नहीं हैं। मायावती सरकार में वर्ष 2008 में एक बीचक्राफ्ट प्रीमियर 1-ए जेट और हाकर 900 एक्सपी खरीदा गया था। अखिलेश यादव की सरकार में एक बीचक्राफ्ट 200 टर्बोप्राप एयरक्रॉफ्ट और एक बेल 412 हेलिकॉप्टर खरीदा गया था।

### अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की खूबियां

अधिकतम रफ्तार 278 किलोमीटर प्रति घंटा, बुलेटप्रूफ बाडी, मशीनगन फिट करने की सुविधा, दो पायलट की क्षमता, तीन ताकतवर इंजन, हवा में ईंधन भरने की क्षमता, सबसे बड़ा केबिन 8.3 फीट चौड़ा, 6.1 फीट ऊंचा, अधिकतम वजन 15,600 किलो।

### उप्र मानसून सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से मांगा सहयोग

# जनता से जुड़े मुद्दों पर हो सार्थक चर्चा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सोमवार से शुरू होगा, 16 अगस्त तक चलेगा सत्र, हंगामा होने की उम्मीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार की विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सभी दलों के नेताओं से सदन चलाने के लिए सहयोग मांगा।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना, ओम प्रकाश राजभर, डा. संजय निषाद, रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया मौजूद रहे । विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त से शुरू होकर 16 अगस्त तक चलेगा। हालांकि सदन की कार्यवाही केवल चार दिन ही चलेगी, क्योंकि 15 अगस्त और 16 अगस्त को जन्माष्टमी का अवकाश रहेगा। माना जा रहा है कि इस बार का मानसून सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। बैठक में एसआईआर और समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला के मुद्दे पर हंगामा होने की संभावना है। बारिश की वजह से पूर्वांचल के कई जिलों में आई बाढ़ से जनजीवन प्रभावित है। इसको लेकर भी विपक्ष हंगामा कर सकता है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है, हालांकि प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल चार दिन का सत्र आयोजित कर जनता के मुद्दों पर चर्चा कराने से भाग रही है। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया।

### राहुल गांधी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ रहा है: प्रमोद तिवारी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राज्य सभा सांसद और विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को अपने घर प्रयागराज में कहा कि चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों का मामला अब तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी अब इस मुद्दे पर लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। राज्यसभा सांसद व विपक्ष के उपनेता ने कहा कि 11 अगस्त को पूरा विपक्ष संसद भवन से निर्वाचन आयोग तक मार्च करेगा। इसमें सभी सांसद शामिल होंगे। ये हमारा हक है और भाजपा इसे रोकने की कोशिश न करे। तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास जाकर हम कहेंगे ये पेपर, सबूत और तथ्य हैं, ये आप ही के हैं। अब हमें डॉक्यूमेंट दें, डेटा उपलब्ध कराएं। आयोग अब आप हमें जवाब दें। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन के पास एक शानदार मौका होगा कि संपूर्ण विपक्ष के नेता उनके दरवाजे पर पहुंचेंगे इलेक्शन कमीशन को चाहिए कि वह डेटा दे और स्पष्टीकरण दे। ये जो कुहासा, अंधेरा और जो चोरी पकड़ी गई है, उसका स्पष्टीकरण इलेक्शन कमीशन आप को देना होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन चाहे, तो हर दल से दो या तीन सांसद को बुला ले और सबकुछ साफ कर दे।

# केरल व पं. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए केन्द्र: विहिप

**लखनऊ, वार्ता**

■ दोनों राज्य इस्लामिक मोड़ पर खड़े

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने रविवार को कहा कि केरल और पश्चिम बंगाल आज खतरनाक मोड़ पर खड़े हैं। दोनों राज्य मुस्लिम राष्ट्र के रूप में खुद को भारत से अलग करने की साजिश रच रहे हैं। यही वजह है कि यहां लव जिहाद और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह देश के लिए दूसरा विभाजन साबित हो सकता है। सरकार को चाहिए कि तुरंत इन दोनों राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाए, ताकि वहां की देश विरा. धी ताकतों को कुचला जा सके। लखनऊ में रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गोपाल राय ने कहा कि इन राज्यों में जो घटनाएं हो रही हैं वे किसी संयोग का नतीजा नहीं, बल्कि सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हैं। 1947 में भी ठीक यही माहौल बनाया गया था, जिसके बाद देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान बना। आज केरल और बंगाल में वही तस्वीर दोहराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल और बंगाल में यह सिर्फ कानून- व्यवस्था का संकट नहीं है, बल्कि भारत की अखंडता, संप्रभुता और अस्तित्व के लिए सीधा खतरा है। अगर हिंदू समाज अब भी नहीं जागा, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।



सेंसेक्स 80583.99
निफ्टी 24574.20

सोना रु. 102710
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 117100
प्रति किलो



# महंगाई के आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुख

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका में भारतीय सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने से उत्पन्न चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह भी गिरावट जारी रही और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की टूटकर बंद हुए।

निवेशक आने वाले सप्ताह में भी आयात शुल्क पर स्थिति और स्पष्टत होने का इंतजार कर सकते हैं। ऐसे में निवेशक अभी बाजार में कोई बड़ा दाव लगाने में सावधानी बरत सकते हैं। निवेशकों की निगाह मुद्रास्फीति के नए आंकड़ों पर भी होगी, जो अगले सप्ताह ही जारी किए जाने वाले हैं। खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ 12 अगस्त को और थोक मुद्रास्फीति का आंकड़ा 14 अगस्त को आएगा। सप्ताह के दौरान बड़ी कंपनियों में ऑयल इंडिया, ओएनजीसी, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और आईआरसीटीसी के परिणाम भी जारी होने हैं, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। पिछले सप्ताह बाजार में गिरावट दर्ज की गई, जो लगातार छठी साप्ताहिक गिरावट थी। बीएसई का सेंसेक्स इससे पिछले सप्ताहांत की तुलना में 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़ककर 79,857.79 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 0.82 प्रतिशत (202.05 अंक) टूटकर शुक्रवार को 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 9 मई के बाद का निचला स्तर है। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.86 प्रतिशत टूटा। कमजोर निवेश धारणा के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 लाल निशान में और 15 हरे निशान में बंद हुए। सप्ताह के दौरान इंफोसिस के शेयर सबसे ज्यादा 3.19 प्रतिशत टूटे। सनफार्मा में 2.60 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक में 2.38 फीसदी की गिरावट रही। टाटा मोटर्स, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलिवर और कोटक महिंद्रा बैंक भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान उठाने वालों में रहे। टाइटन का शेयर सबसे ज्यादा 4.39 फीसदी चढ़ा। टाटा स्टील में 3.27 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 2.84 प्रतिशत और ट्रेंट में 2.51 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.27 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### रुपए में 42 पैसे की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से बीते सप्ताह रुपया 42.50 पैसे (0.49 प्रतिशत) लुढ़ककर 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। रुपए के लिए यह सप्ताह उतार चढ़ाव भरा रहा। पहले दो दिन इसमें बड़ी गिरावट रही और मंगलवार को यह 87.88 रुपए प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। वहीं बुधवार और गुरुवार को मजबूत होने के बाद शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले के सप्ताह में भी रुपया 62 पैसे टूटा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली से भारतीय मुद्रा दबाव में रही।

बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अगस्त में अब तक 156.4 करोड़ डॉलर की शुद्ध बिकवाली की है। साथ ही, दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा।

# गेहूं-चीनी मजबूत, चावल नरम, दालों में रही घट-बढ़, ,खाद्य तेल हुए महंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए जबकि चावल में हल्की गिरावट रही। गुड़ और चीनी में भी साप्ताहिक तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में तेजी देखी गयी जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,802.20 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं 10 रुपए महंगा होकर 2,849.23 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 16 रुपए बढ़ी और यह 3,317.21 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। सरसों तेल के दाम में औसतन 168 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। मूंगफली तेल की कीमत 60 रुपए और वनस्पति की 20 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सोया तेल 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 20 रुपए और पाम ऑयल 42 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 42 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई, जबकि मसूर दाल 42 रुपए फिसल गई। वहीं तुअर दाल में दो रुपए प्रति क्विंटल की मामूली गिरावट दर्ज की गयी। उड़द दाल करीब 12 रुपए और दाल मूंग 10 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 58 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 48 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

दाल-दलहन: दाल चना 7958.30 रुपए, मसूर काली 8140.35 रुपए, मूंग दाल 10142.08 रुपए, उड़द दाल 10464.55 रुपए, अरहर दाल 10839.22 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.23 रुपए और चावल 3802.20 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.81 रुपए और गुड़ 4992.58 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन जिंदगी...**

से राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई नजर आ रही है और तो और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ उत्तरकाशी पहुंच गए हैं, बल्कि तीन दिनों तक वहीं प्रवास किया है, ताकि राहत-बचाव कार्यों की नजदीक से मॉनिटरिंग हो सके। इस त्रासदी में अभी दर्जनों लोगों के लापता होने की सूचना हैं। साफ है कि धराली में हुई तबाही उससे बहुत ज्यादा है, जो सरकार के आंकड़े कह रहे हैं। राहत और बचाव की चुनौतियां भी बड़ी हैं। आने वाले दिनों में जब तस्वीर साफ होगी तब पता चलेगा कि नुकसान कितना हुआ है।

**दुनिया ने...**

10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने यह गति कैसे हासिल की? यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है। हमने यह गति नेक इरादों और ईमानदार प्रयासों से हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो सिर्फ पांच शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है। 2014 तक भारत में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं। 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे। अब ये संख्या बढ़कर 30 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल समाधानों की पहुंच गांव-गांव तक पहुंच गई है। दुनिया के 50 फीसदी से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में यूपीआई के जरिये होते हैं। तकनीक की मदद से हम सरकार और नागरिकों के बीच की खाई को पाट रहे हैं। अब हम एआई-संचालित खतरे का पता लगाने जैसी तकनीकों में भी निवेश कर रहे हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि देश में डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। बेंगलुरु इस प्रयास में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता टेक-आत्मनिर्भर भारत होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में तेजी से आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बंगलूरू से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। इस दौरान कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो चरण-2 परियोजना के आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक एलो लाइन का उद्घाटन किया। इसकी लंबाई 19 किलोमीटर से अधिक है। इसमें 16 स्टेशन हैं, जिसकी लागत लगभग 7,160 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी ने आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। इसके अलावा पीएम मोदी ने 15,610 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो रेल चरण-3 परियोजना की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यहां उन्होंने एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित भी किया।

**राहुल ने...**

मिस्ड कॉल दें। यह लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च करेंगे। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करवा रहा है और भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। श्री गांधी के आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित डिनर में इस विषय पर चर्चा के बाद तय हुआ था कि गठबंधन दलों के सांसद इस मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। मार्च का आयोजन सोमवार 11 अगस्त को हो रहा है।

# सीबीएसई की आंसर-शीट्स का होगा डिजिटल मूल्यांकन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की आंसर शीट्स का डिजिटल मूल्यांकन किए जाने का फैसला लिया है। इसके लिए बोर्ड के द्वारा कुछ एजेंसियों का चयन किया जाएगा, इन एजेंसियों के पास स्कूल बोर्ड या यूनिवर्सिटीज की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन करने का पहले अनुभव होना चाहिए। सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिए गए इस निर्णय में सदस्यों ने सुझाव दिया कि बोर्ड के अलग-अलग क्षेत्रीय कार्यालयों में कुछ विषयों में पायलट प्रोजेक्ट्स के पूरा होने के बाद ही 10वीं-12वीं के सभी विषयों में मूल्यांकन लागू किया जा सकता है। इससे पहले भी आंसर-शीट्स के मूल्यांकन के समय को कम किए जाने और मूल्यांकन में अधिक सटीकता लाने के मकसद से सीबीएसई ने वर्ष 2014 में अपने कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत 10वीं की बोर्ड परीक्षा और उसके अगले साल यानी 2015 में दिल्ली में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के कुछ विषयों के लिए डिजिटल मूल्यांकन को लागू किया था। सीबीएसई के निर्णय को माने, तो आंसर-शीट्स के डिजिटल मूल्यांकन के लिए इस तरह की एजेंसियों का चयन किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# साथियों संग नहाते समय बाढ़ के पानी में डूबा युवक

## हस्तिनापुर-चांदपुर मार्ग पर भीकुंड पुलिया के पास हुई घटना, तलाश में जुटे पीएसी के गोताखोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** गंगा खादर क्षेत्र में चांदपुर मार्ग पर भीकुंड पुलिया के पास नहाते समय तीन युवक बाढ़ के पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दो युवकों को तो बचा लिया, लेकिन एक युवक गहरे पानी में डूब गया।



सूचना पर पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम मवाना और एसओ हस्तिनापुर अपने साथ पीएसी के गोताखोर लेकर पहुंचे और युवक की तलाश कराई, घंटों तलाश करने के बाद भी युवक का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार भीकुंड निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र उर्फ लाला पुत्र राजपाल भीकुंड गांव के रहने वाले अपने साथी राकेश, छोटू व सुमित के साथ गांव की पुलिया के पास बाढ़ के पानी में नहा रहा था। तेज बहाव में जितेंद्र के साथ उसके दो साथी बह गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दो युवकों को तो बचा लिया, लेकिन जितेंद्र गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर एसडीएम संतोष सिंह, एसओ हस्तिनापुर अपने साथ पीएसी के गोताखोर लेकर पहुंचे और युवक की तलाश कराई, लेकिन घंटों तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल पाया। परिजनों के मुताबिक उनका परिवार वर्तमान में कस्बा हस्तिनापुर की मनोहरपुर कॉलोनी में रह रहा है। रविवार को जितेंद्र अपनी ससुराल मेरठ के डाबरा गांव से लौटा था और अपराहन करीब साढ़े तीन बजे अपने दोस्तों के साथ भीकुंड गांव की पुलिया के पास नहाने गया था, तभी यह हादसा हुआ। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में मौके पर पहुंच गए।

## मौलवी ने की छात्र की पिटाई, परिजनों ने थाने में तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पिठलौकर गांव में मदरसे में पढ़ने गए एक छात्र की मौलवी ने बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने मौलवी के खिलाफ थाने में घटना की तहरीर दी है। इकराम पुत्र गफ्फार ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र समद गांव में स्थित एक मदरसे में पढ़ता है। शनिवार को वह दोपहर करीब ढाई बजे मदरसे में पढ़ने के लिए गया था। आरोप मदरसे में पढ़ाने वाले मौलवी ने किसी गलती पर उसके पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने मौलवी सहित दो के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ग्राम पंचायत बहचोला में लगाया गया शिविर, 50 यूनिट किया गया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** भारतीय किसान यूनियन आजाद के द्वारा रविवार को वाइटल चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से और अंकुर चौहान युवा प्रदेशध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के सौजन्य से ग्राम पंचायत बहचोला ब्लाक रजपुरा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर डाक्टर वाशु दास ने ग्रामीणों को रक्तदान के फायदे बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई भी कमजोरी नहीं आती है और आपके रक्त से किसी जरूरतमंद को जिंदगी मिल जाती है। भारतीय किसान यूनियन आजाद के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकुर चौहान ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान शिविर में ग्रामीणों द्वारा 50 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में विकास मित्तल, चन्दन चौहान, निशांत, भानु प्रताप, नरेंद्र जाटव ग्राम सहायक, सचिन प्रधान, गौरव प्रधान, चुनु जाटव, अंकुर जाटव, सरफराज इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा बाइक रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा द्वारा आयोजित तिरंगा बाइक रैली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी अपने साथियों के साथ शामिल हुए। भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चित्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष राशिद मेवाती, महानगर मीडिया प्रभारी आसिफ सैफी, महानगर सोशल मीडिया प्रभारी मुस्तकीम कुरैशी, सक्रिय सदस्य परवेज सैफी, सक्रिय सदस्य शादाब कुरैशी, समीर कुरैशी, नाजिम सैफी, शादान सैफी, अब्दुर्रहमान सैफी, नवेद अली उपस्थित रहे।

# लोन चुकता करने के बाद भी केनरा बैंक ने बेच दिया उपभोक्ता का मकान

- **बैंक का लोन बना जिदंगी के लिए आफत**
- **रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए थे बैंक कर्मी, सीबीआई में चल रहा है केस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बैंक अक्सर उपभोक्ताओं को उनके सपने साकार करने के लिए लोन देता है और उपभोक्ता उस लोन को चुकाने का सपना देखते है और सोचता है कि जब बैंक का लोन चुकता हो जाएगा तो वह भी अपने आशियाने में सुकून के पल बीता सकेगा, लेकिन आजकल बैंक का लोन जी का जनजाल बन रहा है। बैंक कर्मी लोन के नाम पर अब धोखाधड़ी करने से बाज नहीं आ रहे हैं साथ ही साथ जो लोग लोन की किस्त समय से अदा नहीं कर पाते या फिर जो लोन की किस्त के लिए सेटलमेंट करते हैं उनसे रिश्वत के नाम पर उनकी जिंदगी और उनके सपने बैंक कर्मियों द्वारा छीने जा रहे हैं ऐसा ही एक मामला मेरठ में सामने आया है जिसमें एक उपभोक्ता ने मुद्रा लोन लेने के बाद उसको ब्याज सहित चुकता कर दिया लेकिन उसके बावजूद भी उसके महंगे मकान को बैंक कर्मियों ने माफियाओं के साथ सेटिंग करके मात्र 6 लाख में बेच दिय।

साथ ही साथ बैंक में रिश्वत का बोलबा. ला ऊंचा करने वाले बैंक कर्मी जब रिश्वत लेते हुए पकड़े गए तो सीबीआई में भी केस दर्ज हुआ। जाकिर कालोनी के रहने वाले फैजान शरीफ ने बताया कि उसके पिता मोहम्मद शरीफ सैफी ने केनरा बैंक, शाखा शताब्दी नगर मेरठ से समर संदेश पब्लिकेशन के नाम से रु. 7 लाख एवं संदेश के नाम से रु. 5 लाख का मुद्रा लोन लिया था, जिसमें उसकी माता वारिशा ने 40 वर्ग मीटर का मकान बंधक Mortgage रखा था। वर्ष 2021-22 में उक्त लोन N-P-। हो गया, जिस पर दिनांक 14.09.2022 का SAR-FAESI अधिनियम के तहत कब्जे का आद. ेश हुआ। बाद में 30 सितम्बर 23 को उक्त दोनों लोन का सेटलमेंट रु. 7, 20,000 में हुआ, जिसे वह पूर्ण रूप से जमा कर चुके थे। उन्होंने NOC एवं कागज की मांग की तो मंडल प्रबंधक शैलेश कुमार ने अवैध रूप से रु. 1,40,000 की मांग की। मना करने पर उन्होंने OTS रद्द कर दिया और बहाना बनाया कि मेरी माता के नाम से एक और लोन चल रहा है।

### बैंक कर्मियों ने सेटिंग कर भूमाफिया को बेचा मकान

इसकी शिकायत RBI दिल्ली, केनरा बैंक हेड ऑफिस बेंगलुरु एवं उपभोक्ता फोरम मेरठ में की। उपभोक्ता फोरम के आद. ेशानुसार मंडल प्रबंधक मयंक भारद्वाज, सीनियर मैनेजर आमिर एवं दीपक से वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि यदि अपनी माता का शेष लोन भी जमा कर दिया जाए तो कागजात और NOC वापस कर दिए जाएंगे।

पीड़ित ने वह भी भुगतान कर दिया, लेकिन उसके बावजूद अमीर एवं दीपक ने जागृति विहार स्थित कार्यालय पर NOC देने से मना किया और कहा कि मकान इमानुल इकबाल को रु. 6,10 हजार में बेच दिया हैं।

### रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था बैंक कर्मी

इमानुल इकबाल ने पीड़ित से मकान वापसी के लिए रु. 20 लाख की मांग की और बताया कि उसने अमीर एवं दीपक को रिश्वत दी है। मना करने पर वह रु. 10.50 लाख मांगने लगा। बाद में दीपक ने रु. 90,000 की रिश्वत की मांग की। दिनांक 17 जून 2024 को इसकी शिकायत CBI से की, और रु. 20,000 लेते समय दीपक को CBI द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया एवं FIR दर्ज की गई।

### पीड़ित को परिवार सहित मिल रही जान से मारने की धमकी

अब अमीर, दीपक, मयंक भारद्वाज एवं इमानुल इकबाल पीड़ित पक्ष से ब्ठप् केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित व उनके माता-पिता एवं परिवार को झूठे मुक. दमों में फंसाने, जान से मारने एवं पुलिस बल द्वारा मकान पर अवैध कब्जा करने की धमकी दी जा रही है, जबकि मामला क्त्ज लखनऊ में विचाराधीन है। बैंक के अधिकारियों द्वारा पीड़ित के परिवार को सामूहिक आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अगर परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए बैंक अधिकारी जिम्मेदार होंगे। क्योंकि उनके परिवार के पास कोई अन्य आवासीय भवन पूरे देश में नहीं है। उन्होंने मांग पत्र पर कार्यवाही कर दोषी बैंक अधिकारियों को दंडित कर न्याय की मांग की है।

# देर से ही सही आखिरकार कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा सिवालखास, दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में आठ दिन पूर्व हुई तीन बच्चों की दर्दनाक मौत से पूरे जानी क्षेत्र में नहीं पूरे मेरठ जिले में हड़कंप मच गया है जिसमें तमाम पुलिस के अधिकारी और पुलिस टीम इस केस की गुत्थी सुलझाने में लगी है, लेकिन अभी तक पुलिस को कोई भी साक्ष्य नहीं मिले लगातार एसपी देहात राकेश मिश्रा क्षेत्रधिकारी आशुतोष कुमार एसपी क्राइम जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर और कई थानों के थाना अध्यक्ष और खुफिया विभाग इस केस पर लगी हुई है।



इसी के चलते रविवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कस्बा सिवाल खास बच्चों के पीड़ित परिवार से मिला और उनको जल्द से जल्द अधिकारियों से न्याय दिलाने की बात कही कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर से वार्ता की और जल्द से जल्द केस खोलने की बात कहीं। इस मौके पर पूर्व मंत्री दीपक कुमार, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, ऑर्डिनेटर विशाल वशिष्ठ, वर्तमान जिला अध्यक्ष गौरव भाटी, पीसीसी सदस्य दिनेश उपाध्याय, रोहित गुर्जर, मनोज चौहान कुराली, विनोद मोगा, जगदीश शर्मा, अनिरुद्ध त्यागी, राहत चौहान, विजय चिकारा, अरुण त्यागी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## मामूली कहासुनी में दंपति पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव में मामूली कहा सुनी को लेकर एक दंपती पर दो लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई है। पीड़िता पारूल पत्नी यशपाल ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह घर पर अपने पति के साथ बैठी हुई थी कि तभी पड़ोस के ही दो लोगो ने घर में घुसकर उसके पति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल दिया। बीच बचाव कराने आई गर्भवती पारुल को भी घायल कर दिया। घायल अवस्था में थाने पहुंची महिला को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी मवाना भेज दिया। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई है। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

# उपज पत्रकार संगठन के अध्यक्ष की फर्जी आईडी बनाकर मांगे पैसे, दर्जनों पत्रकार पहुंचे थाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपज (उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स) पत्रकार संगठन के मेरठ अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव अजय चौधरी के नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक व व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर उनके परिचितों से पैसे की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने फेसबुक पर अजय चौधरी की फोटो लगाकर फर्जी आईडी बनाई और उनके परिचितों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। फेसबुक मैसेंजर पर बातचीत करते हुए कई लोगों से पैसे मांगे गए। इसके अलावा, एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर उनकी फोटो लगाई गई और मोबाइल नंबर



9813094185 फोन-पे से जुड़ा का उपयोग करके संदेश भेजे गए तथा धन की मांग की गई।

मामले की जानकारी होते ही अजय चौधरी ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोगों को सतर्क रहने की अपील की और इस ठगी से बचने के लिए चेतावनी जारी की। घटना से नाराज होकर और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को दर्जनों पत्रकार लोहिया नगर थाने पहुंचे। महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों ने थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ आवश्यक संवैधानिक कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उपज के महामंत्री ललित ठाकुर ने थाना प्रभारी पर शीघ्र कार्रवाई का दबाव बनाया। इस दौरान जिला संगठन महामंत्री राजू शर्मा, महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण सागर, जिला सूचना मंत्री गौरव सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अखिल गौतम, जिला उपाध्यक्ष लियाकत मंसूरी, जयवीर त्यागी, ताज मोहम्मद, जिला सचिव विकास गुप्ता, शाहिद खान, विपुल सिंघल, अमित तोमर, सचिन कश्यप, यतेंद्र, आरिफ कुरैशी, शाहरुख सैफी, योगेंद्र, नीरज कुमार, नीरज गोला, लोकेश कुमार, खालिद इकबाल, रमेश सोनी, सोहिद, नावेद खान मौजूद रहे।

# डॉ. दीक्षा शर्मा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर निवासी भारतीय वैज्ञानिक डॉ. दीक्षा शर्मा ने ब्रेस्ट कैंसर स्टेम सेल्स पर बीईटी डिग्रेटर का सफल परीक्षण कर अमेरिका में नाम रोशन किया है। इसके लिए अनेक लोगो ने उसे शुभकामनाएं दी है। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के फार्माकोलॉजी विभाग में विकसित की गई एक नई दवा तकनीक बीईटी डिग्रेडर ने कैसर के इलाज के क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है। परीक्षितगढ़ निवासी डॉ. दीक्षा शर्मा ने इस तकनीक का परीक्षण यूनिवर्सिटी की डॉ. बर्नेस की प्रयोगशाला में विशेष रूप से ब्रेस्ट कैसर पर किया है, जहां वे पोस्टडांक्टोरल रिसर्चर के रूप में कार्यरत है। अपने अध्यन में डॉ. दीक्षा शर्मा ने पाया कि यह बीईटी डिग्रेडर न केवल सामान्य कैंसर कोशिकाओ को ब्लकि उनकी जड़ मानी जाने वाली कैंसर स्टेम सेल्स को भी प्रभावी रूप से समाप्त कर सकता है। ये स्टेम सेल्स वे कोशिकाए होती है जो इलाज के बाद भी कैसर को दोबारा पनपने देती है। पारंपरिक दवाए इन पर असर नही डाल पाती लेकिन बीईटी डिग्रेडर इन्हे सीधा निशाना बनाती है। शोध में यह



भी सामने आया कि यहा तकनीक कैंसर कोशिकाओं के भीतर एक आवश्यक प्रोटीन को नष्ट करती है। जिससे वे स्वत नष्ट होने लगती है। डॉ. दीक्षा शर्मा ने ये परिणाम न केवल लैब में कोशिकाओ पर ब्लकि प्री क्लीनिक मॉडल्स जैसे चूहो पर भी पाए है। यह रिसर्च फिलहाल प्रारंभिक चरण में है ओर डॉ. दीक्षा शर्मा अब इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने स्वंन्त्र प्रयोग शाला कार्य में जुटी है उनके साथ अन्य वैज्ञानिको के अध्यनो में भी बीईटी डिग्रेडर के समान प्रभाव देखने को मिले है। कुछ ऐसी दवाए जो बीईटी प्रोडीन को लक्ष्य बनाती है अब क्लिनीकल ट्रायल्स मानव परीक्षण के चरण में पहुंच चुकी है। वहीं वैज्ञानिको का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में कैसर की पुनरावृति को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डॉ. दीक्षा शर्मा की इस उपलब्धि पर परिवार को खुशी का माहौल रहा। बतादें कि डाक्टर दीक्षा शर्मा संयुक्त व्यापार मंडल परीक्षितगढ़ के महामंत्री शुभम वशिष्ठ की बहन हैं। इसके लिए पूर्व चेयरमेन अमित मोहन टीपू भाजपा नेता गगन त्यागी संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग महामंत्री व दीक्षा शर्मा के भाई शुभम वशिष्ठ संजय वर्मा डॉ. राकेश शर्मा डॉ. शमशुद्दीन अरविंद रस्तोगी सचिन त्यागी आदि ने दीक्षा को शुभकामनाए दी है।

## मकान के विवाद में जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव गडीना में मकान के विवाद में पथराव व लाठी डंडे चले। पथराव में एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई है। गांव गडीना में विशाल व शिव कुमार के बीच मकान की दीवार को लेकर पड़ोसी से कहा सुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षो में लाठी डंडे व पथराव हो गया जिसमें एक पक्ष से विशाल घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी मवाना पहुंचाया। घटना के संबंध में घायल विशाल ने गांव के ही एक महिला सहित चार लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। बताया कि आरो. पियों का मकान उसके मकान से मिला हुआ है वह अपने मकान को आरोपियों के मकान से अलग करवा रहा था इसी को लेकर विवाद हुआ।

# कार के लिए विवाहिता की हत्या का प्रयास, घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पोहल्ली निवासी एक विवाहिता की ससुराल वालों ने कार की मांग पूरी न होने पर पीटा और हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने थाने में नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

आरजू पत्नी शकील ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व जानी निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। दहेज के नाम पर उससे स्विफ्ट कार की मांग की जा रही है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। वह इस विवाद के चलते अपने मायके में भी आ चुकी है। आरजू का आरोप है कि शुक्रवार को ससुराल वालों ने कमरे में बंद कर उसे बेरहमी से पीटा। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग वहां आए, जिन्होंने उसकी जान बचाई। बाद में ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। घायल अवस्था में पीड़िता अपने मायके पहुंची। जहां उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। रविवार को परिजन उसे साथ लेकर थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया और ससुराल वालों पर दहेज के अलावा अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## मारपीट कर युवक को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गोटका में बहन के साथ लौट रहें युवकों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। गांव गोटका निवासी प्रशांत पुत्र संजय ने सरूरपुर थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि रक्षाबंधन पर अपनी बहन के साथ मेरठ से गांव वापस जा रहा था। तभी गांव के युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते उसे रोककर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। प्रशांत ने गांव के ही युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# थाना कोतवाली क्षेत्र में रविवार को सात घंटे बिजली रही गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुरानी तहसील कोतवाली क्षेत्र में तीसरे दिन भी बिजली ने किया परेशान। इनवर्टर की बैटरी ने भी छोड़ा साथ, चिपचिपी गर्मी ने दिलाई हाथ पंखे की याद। व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठान समय से पहले किए बंद, बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण क्षेत्र के एटीएम भी रहे ठप।

मेरठ का सबसे पुराना शहर कहलाए जाने वाला पुरानी तहसील थाना कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शनिवार व रविवार को बिजली आपूर्ति न होने के कारण लोगों का बुरा हाल रहा। इस क्षेत्र में दो पुरानी पानी की टंकी भी हैं जिनको बिजली




की उपस्थिति से ही भरा जाता है। अगर बिजली ज्यादा समय तक सुचारू नहीं होती तो लोगों को पानी का संकट भी झेलना पड़ता है।

पुरानी तहसील बिजली घर के एसडीओ ने बताया कि बीएवी इंटर कॉलेज के पास तार टूट गए थे और खंदक बाजार के पास किसी ने पतंग तारों पर डाल दी थी जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

# शाहजहांपुर में नाले का निर्माण बना परेशानी का सबब, निकासी की बजाए लौटा रहा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में तालाब से सटे निर्माणाधीन नाले को लेकर कस्बेवासियों में आक्रोश चरम पर है। आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बन रहा यह नाला पानी की निकासी करने के बजाय उल्टा कस्बे में पानी वापस धकेल रहा है, जिससे बरसात में जलभराव की समस्या और बढ़ सकती है।

स्थानीय निवासी शाद खान ने सोशल मीडिया पर नगर पंचायत शाहजहांपुर पर सीधा निशाना साधते हुए नाले की डिजाइन और निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने अपनी पोस्ट में नगर पंचायत शाहजहांपुर पर सवाल उठाते हुए कहा कि ढलान सही न होने से नाले का पानी उल्टा बह रहा है।

वासिक पठान, जो इस समस्या से प्रभावित हैं, ने बताया कि नाले का ढाल सही न होने के कारण मेरे घर में बरसात का पानी भर जाता है। मैंने अधिशासी अधिकारी से मौखिक शिकायत की, उन्होंने आश्वासन दिया कि एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को बुलवाकर स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

कस्बेवासियों का कहना है कि नाले के निर्माण से पहले कोई तकनीकी सर्वे नहीं कराया गया, जिससे यह हालात बने। लोगों ने मांग की है कि नाले की तत्काल जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल, नगर पंचायत प्रशासन की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जबकि अधिशासी अधिकारी से फोन पर बात करनी चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

"नगर पंचायत शाहजहांपुर में सौंदर्यीकरण के नाम पर जो तालाब के चारों कई सौ मीटर लंबे नाले का निर्माण कराया गया है पहली ही बरसात में उसकी पोल खुल गई। ना तो पानी की निकासी सुचारू रूप से कर पा रहा है बल्कि उल्टा पानी लोगों के घरों में जा रहा है। जिस कारण नगर की जनता बेहद परेशान है। संक्रमित रोगों के फैलने की भी संभावना बनी हुई है और इस नाले की असफलता को देखते हुए निर्माण में भारी अनियमिताओं की जा रही है। मेरी अधिकारियों से अपील है कि अगर नाले के निर्माण में गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ और मानकों का पालन नहीं किया गया है उसकी जांच होनी चाहिए, कस्बे की जनता का हित सर्वोपरि है।"

**-मुमताज आलम एडवोकेट**



# ठिरिया से बिना डीजे-साउंड के दरगाह आया फूलों की डालियों का जुलूस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी के मौके पर दरगाह आला हजरत में रौनक बढ़ने लगी है। अन्य प्रदेशों समेत उत्तर प्रदेश के जिलों से भी जायरीन हाजिरी के लिए पहुंच रहे हैं। सभी अकीदतमंद दरगाह पर फातिहा और फूल पेश करने के बाद दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां से मुलाकात कर अपने लिए दुआएं करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज ठिरिया निजावत खान से फूलों की 107 डालियों का जुलूस नूरी लंगर कमेटी की जानिब से आया।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की अपील पर अमल करते हुए आज ठिरिया से नूरी लंगर कमेटी के सदर गौहर खान के नेतृत्व में मुफ्ती-ए-आजम के 107 मुरीद 107 फूलों की डाली लेकर जुलूस की शक्ल में बिना किसी शोर-शराबे व डीजे साउंड के दरगाह पहुंचे। अमन का पैगाम देते हुए लोगों को फूल देकर उर्स-ए-रजवी की मुबारकबाद दी। दरगाह पहुंचने पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की दस्तारबंदी की, इसके बाद सभी ने मजार शरीफ पर फूल पेश किए। सभी के लिए खुसूसी दुआ करते हुए मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी हाशमी ने आला हजरत की तालीमात पर अमल करने को कहा। जुलूस का स्वागत दरगाह पर टीटीएस के जिलाअध्यक्ष मंजूर खान, नासिर कुरैशी, मुजाहिद बेग, इशरत नूरी, सय्यद माजिद अली, इरशाद रजा, काशिफ सुब्हानी, नईम रजा, आल. नबी, मोहम्मद फैज, समी रजा, अजमल रजा आदि ने किया। जुलूस में मुफ्ती जमील, मौलाना रौनक अली, मौलाना काले खान, मोहम्मद अली, मंसूर खान, तुफैल खान, गुड्डू आदि लोग शामिल रहे।

# डीएम अविनाश सिंह की मेहनत लाई रंग

## सीएम डैशबोर्ड रैकिंग में बरेली ने किया टॉप

**मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी की गई जुलाई माह की रैकिंग में जनपद बरेली प्रदेश में अव्वल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश में विकास कार्यों का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित सीएम डैशबोर्ड पर इन्टीग्रेटेड विभागों की सेवाओं, योजनाओं, परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह किए गए विकास कार्यक्रमों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्गत की जाती है।

सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जुलाई 2025 की जारी की गयी रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही विकास एवं राजस्व कार्यों की



संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

डीएम अविनाश सिंह ने जब से जनपद की कमान संभाली है, दिना-दिन जनपद सफलता की ओर अग्रसर है। डीएम के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं निरन्तर गहन समीक्षा में दिये गये निर्देशों के परिणाम स्वरूप जनपद के कार्य प्रदर्शन में उत्तोरत्तर वृद्धि हो रही है।

डीएम ने जनपद की जब बागडोर संभाली थी तो अप्रैल माह में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर जनपद ओवर ऑल रैकिंग में 14वें स्थान पर था, डीएम के कुशल निर्देशन में जुलाई माह में जनपद ने ओवर ऑल रैंकिंग में पूरे प्रदेश में टॉप किया है।

डीएम अविनाश सिंह की लगन, मेहनत एवं उनके कुशल मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये परिश्रम के परिणाम स्वरूप जनपद माह जुलाई की ओवरऑल रैकिंग में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

डीएम द्वारा इस उपलब्धि पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसी प्रकार टीम भावना से काम करते हुए विकास एवं राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति में निरन्तर गति बनाये रखने के निर्देश दिये गये।

## एक नजर

### दबंगों ने युवक को पीटा, जान से मारने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के गुनाह जवाहरपुर गांव में एक युवक को दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता सोनी पत्नी छत्रपाल निवासी बड़ापुरा थाना अमरिया जिला पीलीभीत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बेटा सनी मिठाई लेने अर्सियाबोझ गया था, कुछ दबंगों ने रोककर गालियां दीं, और लात-घूंसों से मारा, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है, और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पीड़िता सोनी ने बताया कि वो अपने भाई को राखी बांधने आई थी, बेटे सनी को मिठाई लेने अर्सियाबोझ भेजा था। वहां सूरज उर्फ शेरा से कुछ कहा सुनी हो गई थी, वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाओ करा दिया था। जब उसका बेटा सनी गांव पहुंचा तो दबंगों ने उसे रोककर गालियां दीं और मारा-पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग आए और सनी को बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वे किसी की नहीं सुनेंगे और सनी को जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सूरज उर्फ शेरा पुत्र जयपाल सत्य प्रकाश पुत्र सोमपाल, विनोद पुत्र सोमपाल निवासी गुनाह जवाहरपुर थाना बहेड़ी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है, और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### दो पक्षों के बीच जमकर हुई पत्थरबाजी, एक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दो पक्षों के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि बात पत्थरबाजी तक पहुंच गई। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पत्थरबाजी की यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। जिसमें एक पक्ष के लोग छत पर खड़े होकर दूसरे पक्ष पर पत्थरबाजी करते नजर आ रहे हैं।

घायल युवक मोहम्मद राशिद की तहरीर पर पुलिस ने इरफान पुत्र नामालूम, इकराम पुत्र इरफान, फिरोज पुत्र इरफान, अमन पुत्र जहूर शाह निवासी अब्बानगर थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कह रही है।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि आपसी विवाद को लेकर इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने घटना के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि दोनों पड़ोसी हैं, रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया था।

### जनसेवा केंद्र पर बनाए जा रहे थे फर्जी आधार व आयुष्मान कार्ड, संचालक को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में जनसेवा केंद्र की आड़ में बड़े पैमाने पर लोगों के फर्जी आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड और स्टांप लगाकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जा रहे थे। यहां पहले से चालू सिम कार्ड भी बेचे जा रहे थे। इसकी सूचना पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने छापा मारकर केंद्र संचालक को गिरफ्तार कर लिया।

इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन उनको सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव खजुरिया घाट स्थित जनसेवा केंद्र का आधा शटर गिराकर बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके से सुमित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

सुमित का गुर्गा मौके से भाग गया। पुलिस ने केंद्र से एक कंप्यूटर, प्रिंटर, एक सीपीयू, तीन फिंगर प्रिंट डिवाइस, दो जेम स्केनर, एक माउस, एक इंक पैड, 26 आधार कार्ड, दो पैनकार्ड, नौ नियोजन कार्ड, एक पीएम सीएचसी कार्ड और 19820 रुपये की नकदी बरामद की है। इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# दबंग ने घर के बाहर आकर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुनई में एक दबंग ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित रामेंद्र सिंह पुत्र निर्भान सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि जय सिंह पुत्र सोहन लाल ने अवैध असलहा लेकर आकर गाली-गलौज की, और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान जय सिंह ने गांव के मुनेन्द्र सिंह पुत्र पूजन सिंह को भी धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित रामेंद्र सिंह ने बताया कि जय सिंह उससे रंजिश रखता है, क्योंकि वह कांवड़ लेने हरिद्वार गया था और जय सिंह को साथ नहीं ले गया था। इसी रंजिश के चलते जय सिंह ने उनके घर पर हमला किया और धमकी दी।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कह रही है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें जय सिंह अवैध असलहा लेकर जोर-जोर से चीखता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर जय सिंह पुत्र सोहन लाल, निवासी पुनई पोस्ट पिंडारी अशोक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करली है, और जांच शुरू कर दी है।

# बरेली की महिका का डबल धमाल

**लॉन टेनिस टूर्नामेंट में जीते एकल और युगल खिताब**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नई दिल्ली के आरके खन्ना स्टेडियम में आयोजित एआईटीए (ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन) महिला लॉन टेनिस टूर्नामेंट में बरेली में शुरुआती और वर्तमान में चंडीगढ़ में प्रशिक्षण ले रही महिका खन्ना ने महिला एकल और युगल दोनों वर्गों में जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किए।

टूर्नामेंट के एकल मुकाबलों में महिका ने दिल्ली की वैष्णवी सिंह को 6-0, 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में दिल्ली की रिया सचदेवा को 6-0, 6-3 से मात देकर महिका ने फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उन्होंने दिल्ली की जीतेश कुमारी को कड़े संघर्ष में 6-4, 7-5 से हराकर एकल खिताब अपने नाम किया। युगल वर्ग में महिका ने दिल्ली की ही दुर्गांशी कुमार के साथ जोड़ी बनाई। पहले दौर में उन्होंने



गुजरात की आरुषी रावल और महाराष्ट्र की रुमन को 6-4, 6-2 से मात दी।

क्वार्टर फाइनल में मणिपुर की जेनिफर लुइखम और लक्ष्मी गौड़ा की जोड़ी को 6-3, 1-6, 10-8 से हराया। सेमीफाइनल में गुजरात की दिया के देसाई और दिल्ली की भूमिका दहिया को 6-3, 6-3 से शिकस्त देकर फाइनल में पहुंचे। खिताबी मुकाबले में हरियाणा की जैस्मिन रावत और दिल्ली की जीतेश कुमारी की जोड़ी को 6-4, 7-5 से परास्त कर युगल खिताब भी जीत लिया।

महिका खन्ना का लॉन टेनिस का सफर महज छह साल की उम्र से शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार रैकेट हाथ में लिया। शहर के एलन क्लब, स्टेडियम, बरेली क्लब और कैंट में तुषार बाली, अंशु पाल और गगन खन्ना जैसे अनुभवी प्रशिक्षकों से शुरुआती प्रशिक्षण प्राप्त किया। कोच गगन खन्ना बताते हैं कि महिका में शुरुआत से ही खेल के प्रति असाधारण लगन और सीखने का जुनून था। दस साल की उम्र में ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट खेलना शुरू कर दिया, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

शाहजहांपुर की मूल निवासी महिका ने बरेली में रहकर अपनी खेल प्रतिभा को तराशा। इस दौरान परिवार ने भी हर कदम पर उनका साथ दिया। वर्तमान में महिका चंडीगढ़ लॉन टेनिस एसोसिएशन में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनका कहना है कि बरेली में बनी नींव और चंडीगढ़ में मिले पेशेवर प्रशिक्षण का संगम उनकी सफलता का असली आधार है।

# नशे में धुत्त ट्रैक्टर चालक ने दुकान में मारी टक्कर, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नैनीताल रोड स्थित मोहम्मदपुर चौराहे पर शनिवार को एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली यूपी 26 आईएल 1643 एक कन्फैक्शनरी की दुकान में जा घुसी। ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था, जिससे वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई, और दुकान के बाहर खड़े लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

**भीड़ ने नशे में धुत ट्रैक्टर चालक को पीटा**

हादसे में दुकानदारों को मामूली चोटें आईं, और दुकान को नुकसान पहुंचा। सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर दुकानदारों को अस्पताल भेज दिया।

भीड़ ने पुलिस के सामने ही ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी। पुलिस ने भीड़ को कंट्रोल करने के लिए लाठियां बरसाईं। इसके बाद पुलिस ने दो दुकानदारों को उठा लिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे में वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

पुलिस के मुताबिक पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषी पाए जाने पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# एसएसपी ने छह सर्किल अफसर किए इधर से उधर

**पुलिस विभाग में मची हलचल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रविवार को बरेली पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला, जब एसएसपी अनुराग आर्य ने एक झटके में छह सर्किल अधिकारियों (सीओ) के तबादले कर दिए। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अफसरों की कुर्सियां बदल दी गईं, जिससे पुलिस विभाग में हलचल मच गई। एसएसपी का यह कदम कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और पुलिसिंग में तेजी लाने की दिशा में माना जा रहा है। नए सीओ को न केवल अपराध पर नियंत्रण रखने की चुनौती मिलेगी, बल्कि उन्हें जनता के साथ बेहतर तालमेल बनाने का भी मौका मिलेगा। यह फेरबदल आने वाले दिनों में बरेली की कानून-व्यवस्था पर कितना असर डालेगा, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले में तैनात छह सर्किल अधिकारियों के तबादले करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंप दीं। इस फैसले के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है, जो आने वाले




समय में जिले की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण रणनीति पर सीधा असर डालेगा। गौरव सिंह को नवाबगंज से हटाकर अब जिले में सीओ क्राइम और सीओ आंकिक की जिम्मेदारी दी गई है। माना जा रहा है कि उनकी नई भूमिका में अपराध नियंत्रण और आंकड़ों के विश्लेषण का काम प्रमुख रहेगा। मीरगंज में अपनी सेवा दे रहे अंजनी कुमार तिवारी को अब सीओ ट्रैफिक और सीओ यूपी-112 का प्रभार मिला है। यह दोनों ही पद यातायात व्यवस्था और त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। शिवम आशुतोष को अब हाईवे और लाइन्स की जिम्मेदारी दी गई है। हाईवे सुरक्षा और पुलिस बल के प्रबंधन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सोनाली मिश्रा को सीओ सिटी-2 और सीओ आरटीसी की कमान सौंपी गई है। शहरी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के संचालन की चुनौती उनके सामने होगी। अजय कुमार, जो पहले सिटी में तैनात थे, अब ग्रामीण इलाके मीरगंज के सीओ बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। नीलेश मिश्रा को नवाबगंज का नया सीओ नियुक्त किया गया है। यहां पर अपराध रोकथाम और स्थानीय मुद्दों के समाधान में उनकी भूमिका अहम होगी।

**एसएसपी का उद्देश्य स्पष्ट मजबूत कानून-व्यवस्था**

एसएसपी अनुराग आर्य के इस फैसले के पीछे कानून-व्यवस्था को और धारदार बनाने का उद्देश्य साफ नजर आता है। उनका मानना है कि ताजा बदलाव से पुलिसिंग में गति आएगी और अपराध पर लगाम लगेगी। नई तैनातियों के साथ ही जनता को भी उम्मीद है कि अब उनके क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और जवाबदेही में सुधार देखने को मिलेगा।

### चेहल्लुम के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** आगामी चेहल्लुम के त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह शान्ति व्यवस्था के लिए अलर्ट है। रविवार को थाना देवरनियाँ परिसर में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में दूसरी बार पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी ने मीटिंग में अपील करते हुए कहा कि पन्द्रह अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस है, और मुस्लिम भाईयों के जुमा का भी दिन है। इस लिए क्षेत्र में जिन गाँवों में पन्द्रह अगस्त को चेहल्लुम का त्यौहार मनाया जाना था, वह अपने गाँवों में सभी से वार्ता कर एक दिन पहले चौदह अगस्त को कर लें। जिसपर मीटिंग में आये अधिकतर गणमान्य लोगों ने थाना प्रभारी की बात को मान लिया, और कुछ गाँव के लोगों ने गांव में वार्ता कर सूचना देने की बात कही।

**15 अगस्त को होने वाले चेहल्लुम के त्यौहार को एक दिन पहले 14 तारीख में मनाये जाने की अपील**

# समझौता नहीं किया तो पीआरडी जवान के पुत्रों के खिलाफ दर्ज कराई जवाबी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** वाह री पुलिस, जब दर्ज रिपोर्ट में समझौता नहीं किया तो पुलिस से मिलकर आरोपी ने पीआरडी जवान के पुत्रों के खिलाफ जवाबी रिपोर्ट दर्ज करा डाली। अब इस मामले में पीआरडी जवान पुलिस के आला अफसरों से मिलकर इसकी शिकायत करेगा।

क्षेत्र के गांव मिलक पिछौड़ा के रहने वाले दलित पीआरडी के जवान प्यारे लाल के पुत्र संजीव कुमार के साथ गांव के दबंगों कुंवर सेन, चन्द्रपाल, बाबूराम, रंजीत और संजय ने अपने ऊपर पानी की छींटे पड़ जाने से भन्नाकर घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी थी। कई दिनों तक चक्कर काटने के बाद पुलिस ने 22 जुलाई को पीआरडी जवान के पुत्र संजीव कुमार की ओर से दबंगों के खिलाफ हरिजन एक्ट के साथ ही जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पीआरडी जवान पर समझौते का दबाव बनाया जाने लगा था, जिसे उसने ठुकरा दिया था। इतना ही नहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा से मिला, जिसपर उन्होंने पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा के निर्देशों पर अमल तो नहीं हो सका, उलटे पीड़ित संजीव कुमार के खिलाफ कुंवरसेन ने जवाबी रिपोर्ट दर्ज करा डाली। कुंवरसेन द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पीआरडी जवान के पुत्रों बृजेश कुमार और संजीव कुमार पर गांव में नहीं रहने देने की धमकी देने और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

खास बात यह है कि जब इस तरह से पीड़ित के खिलाफ ही जवाबी रिपोर्ट दर्ज की जाएंगी तो फिर उसे न्याय कैसे मिलेगा। दूसरी ओर इस मामले में पीआरडी जवान प्यारे लाल ने दर्ज की गई रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए आला अधिकारियों को इसकी जानकारी देने की बात कही है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो जख्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** स्थानीय पुलिस चौकी के निकट दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवारों को चोटें आई हैं। खबर मिलते ही चौकी इंचार्ज अन्य स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और दोनों घायलों को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कुछ ही देर में घायलों के परिवारी जन भी आ गए एवं एंबुलेंस के द्वारा बरेली ले गए। जानकारी के अनुसार नवाबगंज के गांव बरौर निवासी मुनीश का चौबीस वर्षीय पुत्र अजय बरेली जा रहा था, इसी बीच कस्बे के जितेंद्र का युवा पुत्र ध्रुव मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले कस्बाई मार्ग मेन रोड पर पहुंचा, तभी दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई, दोनों लोग खतरे से बाहर बताए जाते हैं।

# डूडा दफ्तर के पास धमाके के साथ फटा ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गांधी उद्यान के पास रविवार दोपहर ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप मच गया। ट्रांसफार्मर फटने की वजह से आग लगी। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के लोग और राहगीर भी दहशत में गए। मामला रविवार दोपहर करीब 12 :15 बजे के आसपास गांधी उद्यान डूडा कार्यालय के नजदीक खंभे पर लगा एक छोटा ट्रांसफार्मर धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि ट्रांसफार्मर का तेल सड़क पर बिखर गया। सड़क पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी और राहगीरों ने अपनी भागकर जान बचाई। धमाके की वजह से ट्रांसफार्मर के साथ केबिल भी जलकर राख हो गई।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# जमीनी विवाद में फायरिंग से बाल-बाल बचा युवक

## बंटवारे के फैसले को लेकर इकट्ठा हुए थें दोनो परिवार, पीड़ित ने फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में एक ही परिवार के लोगो ने जमीनी बंटवारे को लेकर रंजिश चली आ रही है जिसके फैसले को लेकर ग्रामीण इखट्ठा हुए थे। जहां दो युवक में कहासुनी हो गयी जिसमे एक युवक ने फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए थानें मे तहरीर दी है।

भागौट निवासी मोहित पुत्र मैमपाल और नितिन उर्फ काले पुत्र सुभाष का जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। दोनो एक ही परिवार से है दोनो के फैसले को लेकर गांव के ही जगत सिंह के यहां ग्रामीण इखट्ठा हुए थे जिससे दोनो पक्ष का फैसला कराया जा सके जहां दोनो मे पहले कहासुनी हो गयी





जो मारपीट में बदल गयी। मोहित ने बताया कि इसके बाद काले घर चला गया और वहां से पिस्टल लाकर उस पर दो फायर किये जिसमे वह बाल बाल बच गया जिससे वहा अफरा तफरी मच गयी। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया और थाना चांदीनगर प्रभारी पहुंचे और जांच की पीड़ित ने युवक के खिलाफ थाने मे तहरीर दी है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। जल्द युवक को हिरासत मे लिया जायेगा।

## तालाब के दलदल में फंसी नीलगाय, कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने निकाला बाहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खैला गांव के तालाब में एक नीलगाय दलदल में फस गयी। जब ग्रामीणों ने देखा तो कड़ी मशक्कत के बाद उसे रस्सो की साहायता से बाहर निकाला।

खैला गांव के तालाब की पिछले बीस वर्षो से सफाई ही हुई है जिसके चलते तालाब में जहा दलदल बन गयी है। वही झाड़िया भी उग आयी है जिससे तालाब गंदगी से अटा पड़ा है। रात्रि किसी समय एक नीलगाय तालाब में आकर घुस गयी दलदल होने के कारण वह उसमे फस गयी। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो उसे बचाने के प्रयास में लग गये। दलदल होने के कारण कोई तालाब में घुसने को तैयार नही तब गांव के निक्की, कपिल, फिरोज, राजू, निखिल आदि ने रस्सो की साहायता से नीलगाय को बाहर निकाला ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के दलदल में दो कुत्ते भी फसे है जिन्हें निकालने का प्रयास जारी है।

## बरनावा आश्रम में मिलेगा शुद्ध शाकाहारी भोजन, GSM कैंटीन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बरनावा, बड़ौत, बागपत और मेरठ के क्षेत्रवासियों के लिए अच्छी खबर है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख संत डा.गुरमीत राम रहीम सिंह इंसान ने सिरसा से एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र बरनावा, बागपत, उत्तर प्रदेश में GSM कैंटीन का ऑनलाइन शुभारंभ किया है।

यह कैंटीन सुबह 8बजे से रात 10 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। कैंटीन में सभी प्रकार का शाकाहारी नाश्ता और भोजन उपलब्ध रहेगा। यहां लोग बच्चों के जन्मदिन, अंगूठी रस्म, शादी की सालगिरह, विवाह समारोह, व्यावसायिक बैठक आदि के लिए अपने पसंदीदा भोजन की बुकिंग करा सकेंगे। कैंटीन में मांसाहारी भोजन को छोड़कर सभी प्रकार का नाश्ता और भोजन मिलेगा। यहां पाटह्ल आयोजन के लिए 200 से 300 व्यक्तियों के बैठने और खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था है। कैंटीन में डेरा सच्चा सौदा के उच्च क्वालिटी के उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे। कैंटीन का मुख्य द्वार बरनावा बिनोली मार्ग की ओर खुला रहेगा और यह डेरे के गेट नंबर एक के बगल में स्थित है। क्षेत्रवासी कभी भी आकर कैंटीन का लाभ उठा सकते हैं।

## तीन साल का इंतजार खत्म, ओवरब्रिज वाहनों के लिए खुला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बिनौली मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज को ट्रायल के लिए खोल दिया गया है। इस ओवरब्रिज का लोग करीब तीन साल से इंतजार कर रहे थे। इसके खुलने से आसपास के 50 गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



सांसद डा.राजकुमार सांगवान, राज्यमंत्री केपी मलिक और रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर ओवरब्रिज पर वाहनों का आवागमन शुरू करवाया। सांसद ने कहा कि लोगों की परेशानियों को देखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण कम समय में पूरा कराने के लिए प्रयास किए गए। अभी इस ओव. रब्रिज को केवल ट्रायल के लिए खोला गया है। करीब डेढ़ माह में यह पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। इस दौरान छोटी-मोटी कमियों को दूर किया जाएगा। फिलहाल लोगों की परेशानी को देखते हुए इसे खोलने का निर्णय लिया गया है। इस ओवरब्रिज के खुलने से बिजरौल, बावली, वाजिदपुर, लौहड्डा, बड़ावद, जिवाना, रंछाड़, पिचौकरा, बरनावा, बिनौली समेत 50 गांवों के लोगों को ठायदा होगा। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुजीत कुमार ने बताया कि इस ओवरब्रिज के निर्माण में लगभग 30 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसकी कुल लंबाई 658 मीटर है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इसे लोगों की परेशानी को देखते हुए ट्रायल के लिए खोला गया है। डेढ़ माह के अंदर सभी खामियों को दूर कर दिया जाएगा। इस अवसर पर रालोद नेता अश्वनी तोमर, वरूण तोमर, योगेश तोमर, रविन्द्र आर्य, प्रमोद शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सपा कार्यालय पर सपाइयों ने मनाई पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती मनाई। इस दौरान एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र देव यादव ने की और संचालन जिला महासचिव निजात खान ने किया।

इस दौरान पूर्व सांसद फुलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। तदुपरांत जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फूलन देवी अपने जीवन काल में स्त्री अधिकार और सामाजिक न्याय के विमर्श का केंद्र बिंदु रही। सपा संस्थापक नेता ने उनके साथ किए गए अन्याय को महसूस किया। फुलन देवी को सपा की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ा कर देश की सबसे बड़ी पंचायत में




भेजा, जिससे सामाजिक न्याय और स्त्री अधिकारों के लिए किये जा संघर्ष को गति मिली। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, नगेंद्र सिंह, डा.शालिनी राकेश, निजात खान, राहुल यादव, सन्नी सुलानिया, सुरेंद्र राठी, अनुज यादव, मेहंदी हसन, सगीर राणा, राधेगुर्जर, शाहरुख, सतीश वाल्मीकि, राजू प्रजापति, खलील अल्वी, निजाम. ुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**छपरौली।** क्षेत्र अंतर्गत हलालपुर मंदिर स्थित हलालपुर चेक पोस्ट पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कंपनी कमांडर पपिंदर शर्मा के नेतृत्व में पूरी होमगार्ड टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कंपनी कमांडर पपिंदर शर्मा ने कहा कि एक पेड़ सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब हम इसे अपनी मां के नाम लगाते हैं, तो यह प्रकृति और मातृभूमि के प्रति सम्मान का प्रतीक बन जाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल करे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में कंपनी के सभी होमगार्ड जवानों ने भाग लिया, जिनमें संदीप मलिक, चंद्रवीर सिंह, लेकेंद्र, अनुज, अरविंद, संजीव, सुधीर, ओमवीर, राहुल, अंशुल, विनोद, बालेंद्र, विपिन आदि शामिल रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया और पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान हलालपुर मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जो न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएंगे बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व शुद्ध वायु भी प्रदान करेंगे। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का एक सफल प्रयास साबित हुआ।

## यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर में गन्ने की फसल हुई जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के शबगा जागौश गांव के यमुना खादर क्षेत्र में किसानों की खड़ी गन्ने की फसलों में पानी अधिक घुसने लगा है अब किसानों को चिंता सताने लगी है क्योंकि पिछले वर्ष की भरपाई अभी तक नहीं हो पाई थी। अब यमुना नदी पूरे ऊान की तरफ हो रही है। किसानों की ज्वार बाजरा हरि मिर्च धनिया टमाटर पोदीना बैंगन गैंदा फुल आदि मौजूद फसल यमुना नदी में समा गई है। यमुना नदी के किनारे करेले की फसल भी डूब गई है। यमुना नदी का पानी अब नदी के किनारे खड़ी गन्ने की फसलों को भी नुकसान करने लगा है क्योंकि यमुना नदी में अब कटान शुरू हो गया है। जिससे खड़ी फसल को नुकसान होने लगा है। किसानों की



चिंता और अधिक बढ़ गई है। यमुना नदी पुर उफान पर की तरफ हो गई है। पहाड़ों पर हो रही अधिक बरसात के कारण यमुना नदी में पानी लगातार हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा जा रहा है। 3 दिन के अंदर लगभग डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो रविवार को खादर क्षेत्र में फैल गया है। यमुना नदी के किनारे बसे टांडा कुरड़ी बदरखा काकोर कला जागौश शबगा खेड़ी प्रधान फैजपुर निनाना खेड़ा हटाना सुल्तानपुर खेड़ा आदि गांव यमुना नदी पर हैं। इन गांव में फसलों का अधिक नुकसान हो रहा है। किसान भी इस बात को लेकर परेशान है कि अगर और अधिक पानी यमुना नदी में आया तो किसान बर्बादी के कगार पर हो जाएगा।

## 19 अगस्त को होगी ऐतिहासिक किसान सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के ग्राम लूंब में आगामी 19 अगस्त को सुबह 11 बजे एक ऐतिहासिक किसान सभा आयोजित होने जा रही है। इस सभा में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता शामिल होकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाएंगे। पूरे क्षेत्र में इस कार्यक्रम को लेकर जोश और उत्साह का माहौल है, और बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

किसान समस्याओं पर होगी खुली चर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्की चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे फसल का उचित मूल्य, सिंचाई व्यवस्था में सुधार, महंगी बिजली, कर्जमाफी, और किसान विरोधी नीतियों में बदलाव को लेकर आयोजित किया जा रहा है। उनका कहना है कि जब किसान एक मंच पर एकजुट होंगे, तभी उनकी आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंचेगी। बड़े किसान नेता होंगे शामिल इस ऐतिहासिक किसान सभा में शामिल होंगे। जगजीत सिंह डल्लेवाल अध्यक्ष, संयुक्त किसान मोर्चा अभिमन्यु कोहाड़ मुख्य वक्ता नितिन बालियान राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन आजाद इंजीनियर शादाब चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विंग विक्की चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन आजाद के अन्य पदाधिक.
ारी एवं कार्यकर्ता भी पूरे दल-बल के साथ उपस्थित रहेंगे। एकजुटता का आहवान आयोजकों ने सभी गांवों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सभा में पहुंचे और किसानों की ताकत एवं एकजुटता का परिचय दें। लूंब गांव में होने वाली यह सभा किसानों के हक की लड़ाई को एक नई दिशा देने और भविष्य में बड़े आंदोलन की नींव रखने का कार्य करेगी। सभा में किसान नेता न केवल अपनी-अपनी बात रखेंगे, बल्कि आने वाले समय में कृषि संकट से निपटने और किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए एक साझा रोडमैप भी तैयार करेंगे। आयोजकों का मानना है कि इस तरह की सभाएं ही किसानों को एक मंच पर लाकर उनकी ताकत को दोगुना कर सकती हैं।

## बस स्टैंड पर बसों में चढ़ने को लेकर यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे रोड पर चलने वाली रोडवेज की बसों में चढ़ने को लेकर महिलाओं में मची अफरा तफरी बस स्टैंड पर खड़े होकर यात्रियों को बस में सीट लेने को लेकर एक-एक घंटे का इंतजार करना पड़ा क्योंकि सभी बसें हाउसफुल चल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में महिलाओं के लिए 3 दिन की यात्रा फ्री कर रखी है। फ्री में यात्रा करने वाली महिलाओं को बस में सब आने-जाने के लिए एक घंटे का इंतजार बस स्टैंडो पर खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है। बसों में पूरी तरह से व्यवस्था चरमराई हुई है। रक्षाबंधन का त्यौहार मना कर अपने घर पहुंचने के लिए महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जाने के लिए महिलाओं को पी सेवा देने के लिए दो-दो घंटे खड़े होकर बेसन का इंतजार करना पड़ता है। रविवार को सड़क पर महिलाओं का अपने-अपने आवास पर जाने के लिए दो-दो घंटे का बसों का इंतजार करना पड़ा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** रविवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा थामे बाइकों पर सवार होकर निकले।

यात्रा नगरपालिका से शुरू हुई और मुख्य बाजार से होते हुए दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित पीएन शर्मा पर सम्पन्न हुई। जहां पर भाजपाइयों ने शहिदों की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों के साथ सभी नेता और कार्यकर्ता झूमते हुए नजर आए। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा. चन्द्रमोहन ने कहा कि तिरंगा यात्रा शहीदों और महापुरुषों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा देने का कार्य करती है। भाजपा के जिलाध्यक्ष ने



बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से 10 अगस्त से 14 अगस्त तक शहर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नगर मंडल में यह यात्रा आयोजित की गई। हमारे सभी संगठनात्मक 12 मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित कि जायेगी। कहा कि आगे राष्ट्रीय स्मारकों की साफ-सफाई, शहीदों के परिजनों का सम्मान सहित अन्य कार्यक्रम भी होगें। कार्यक्रम के समापन पर जिला मीडिया प्रभारी व हर घर तिरंगा अभियान के जिला संयोजक पवन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एक नजर

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को सर्वसमाज ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला जाट सभा बागपत की तत्वाधान में आयोजित पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल मलिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जाट भवन बागपत में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में जनपद भर से सर्व-समाज के विशिष्टजनों व खाप चौधरी द्वारा पूर्व राज्यपाल को उनके कामों के लिए याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, साथ-साथ दिवंगत पूर्व राज्यपाल सत्पाल मलिक को राजकीय सम्मान न प्रदान किए जाने पर रोष भी व्यक्त किया।

गांव हिसावदा निवासी, जम्मू कश्मीर, बिहार, गोवा मेघालय के पूर्व राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल मलिक का निधन 5 अगस्त को दिल्ली के डा.राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हो गया था। उनके निधन के बाद आज जाट भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा संचालन महासचिव एड.गजेंद्र सिंह कुन्डू ने किया। श्रद्धाजंलि सभा में वक्ताओं ने स्व.सत्यपाल मलिक के छात्र राजनीति से लेकर सार्वजनिक जीवन में कई राज्यों राज्यपाल के पद तक की उपलब्धि और उनकी किसानों और कमेरों के हितों के पक्ष में बेबाकी और निर्भीकता आवाज उठाने के लिए, उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जनपद बागपत का गौरवके रुप में याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष जाट सभा देवेंद्र धामा, लोकतंत्र सेनानी जयपाल सिंह, पूर्व विधायक वीरपाल राठी समाजवादी महिला सभा राष्ट्रीय सचिव रेनू तोमर भाकियू जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा बिल्लू प्रधान, पूर्व महासचिव जिला जाट सभा नगेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रालोद जगपाल तेवतिया, खेकड़ा चेयरमैन, बिल्लू ठेकेदार, कृष्णपाल चेयरमैन, परमेंद्र तोमर, खाप चौधरी प्रतिनिधि संजय तोमर धनखड़ खाप बिजेंद्र सिंह खाप चौधरी ओमपाल सिंह, राहुल धामा, शीशपाल तोमर, राधे गुर्जर, कुलवीर राठी आदि मौजूद रहे।

## महिला ने लगाया बंधक बनाकर पीटने और दुष्कर्म कराने के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र में एक गांव की महिला ने एक परिवार पर उसे बंधक बनाकर मारपीट करने और दूसरों से जबरन दुष्कर्म कराने के प्रयास का आरोप लगाया है। महिला ने ट्विटर पर वीडियो बनाकर पुलिस से बंधनमुक्त कराने की गुहार लगाई, जिसमें उसने आरोपियों के नाम भी बताए हैं। बलिया की रहने वाली पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह आठ वर्ष पूर्व गांव के युवक से लव मैरिज के रूप में हुआ था। पहले दोनों दिल्ली में रहते थे, लेकिन हाल ही में गांव लौट आए। महिला के मुता. बिक, ससुराल पक्ष के लोग उसे घर में कैद रखकर उत्पीड़न कर रहे हैं और कई बार अन्य लोगों से भी दुष्कर्म कराने की कोशिश की गई है। थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने बताया कि वीडियो की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में महिला ने कहा कि वह मायके बलिया जाना चाहती है, लेकिन परिवार वाले जाने नहीं दे रहे थे, इसलिए उसने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला। पुलिस ने महिला को उसके घर भिजवा दिया है।

## तिरंगा हमारी पहचान, हमारी ताकत और हमारी आन बान शान है:कुलदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को बड़ौत विधानसभा के बागपत देहात मंडल के गांधी गांव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज रहे जिसमें कार्यक्रम के संयोजक विकास दीक्षित रहे। मंडल अध्यक्ष मनीष कुशवाहा रहे। गांव की गलियों में उमड़ा जनसैलाब और हाथों में लहराते तिरंगा में पूरा वातावरण भारत माता की जय वंदे मातरम हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारो हनदरं यह केवल यात्रा नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति की एक आदित्य लहर थी जिसे हर दिल में देश के प्रति गर्व और एकता का संकल्प जगा दिया। कुलदीप भारद्वाज ने कहा तिरंगा हमारी पहचान है। हमारी ताकत है और हमारी आन बान शान है। इसे सदैव ऊंचा रखना हर भारतीय का कर्तव्य है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं युवा साथियों मातृशक्ति और सम्मानित ग्रामीणों की आदित्य ऊर्जा व उत्साह में स्थित कर दिया है कि बागपत की धरती राष्ट्रवाद की भावना से और स्रोत है।

## बिजली मिस्त्री की हत्या के मामले में महिला समेत तीन पर दोषसिद्ध

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**बागपत।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ पूनम राजपूत ने बामनौली के बिजली मिस्त्री राजीव की हत्या में रिशिपाल, प्रीति निवासी भगवानपुर नांगल और विकास उर्फ विक्की निवासी बामनौली पर दोषसिद्ध कर दिया। इसमें सजा पर सुनवाई के लिए 11 अगस्त नियत की गई है। बामनौली गांव निवासी जितेंद्र ने 31 अगस्त 2023 को दोघट थाने में अपने भाई बिजली मिस्त्री राजीव की गुमशुदगी दर्ज कराई, जो 30 अगस्त की रात में बिजली फीटिंग करने की बात कहकर अपने साथी के साथ गया था। इसके बाद से राजीव का कोन बंद है। इसकी जांच में जुटे दोघट पुलिस ने रिशिपाल, प्रीति निवासी भगवानपुर नांगल और विकास उर्फ विक्की निवासी बामनौली को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया और उनकी निशानदेही पर कृष्णा नदी से राजीव का शव बरामद किया। तीनों ने बताया कि बिजली फिटिंग करने के बहाने घर बुलाकर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर राजीव को बेहोश किया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या करने के बाद शव नदी में फेंक दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। तीनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय चतुर्थ में चल रही है। इसमें सुनवाई पूरी होने पर न्यायाधीश पूनम राजपूत ने रिशिपाल, प्रीति निवासी भगवानपुर नांगल और विकास ऊं विक्की निवासी बामनौली पर दोषसिद्ध कर दिया और सजा पर सुनवाई के लिए 11 अगस्त नियत की।

# सांसद अरुण गोविल ने पंचायती गौशाला का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल ने रविवार को श्री पंचायती गौशाला का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने गौशाला के आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, खासकर केंचुआ खाद उत्पादन के काम की।

सांसद अरुण गोविल ने गौशाला पहुँचकर सबसे पहले कपिला गौ माता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह गौशाला की अलीपुर शाखा गए, जहाँ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

सांसद ने अलीपुर शाखा में सरिता सुरेश केंचुआ खाद उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह गौशाला आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतरीन काम कर रही है और यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जैविक खेती को बढ़ावा देगी। गौशाला के प्रधान मनोज तेल वालों ने कहा कि सभी के सहयोग से ही गौशाला का सेवा कार्य संभव हो पा रहा है। मंत्री सुरेश गुप्ता ने बताया कि अलीपुर शाखा के लिए लगभग तीन साल पहले 7711 गज जमीन खरीदी गई थी, जिस पर केंचुआ खाद उत्पादन शुरू किया गया है। यह गौशाला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

इस दौरे में सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली, अमित शर्मा, कपिल एसएम, मोहन सिंह, कुनाल चौधरी, अनिल त्यागी, गौरव रुड़कीवाल, और गौशाला प्रबंध समिति के सदस्य अनुज मित्तल, दीपक गोयल, अरुण चीनी वाले, विनोद, वीरेंद्र कंसल, शरद गर्ग, टुक्की राम गर्ग, राजीव गर्ग, और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# गृहक्लेश के चलते युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बागड़पुर रोड पर एक युवक ने गृह क्लेश के चलते अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बागड़पुर रोड पर एक 25 वर्षीय युवक अरमान ने पारिवा. रिक विवाद के चलते अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि अरमान की शादी पांच महीने पहले हुई थी, लेकिन शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। तीन महीने पहले उसकी पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। शनिवार को अरमान ने तीसरी मंजिल पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाबूगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र कुमार ने बताया कि शुरुआती जाँच में गृहक्लेश को ही आत्महत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जाँच कर रही है।



# क्रीड़ा भारती ने रक्षाबंधन पर्व पर भाई-बहन के रिश्ते की दी मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर क्रीड़ा भारती द्वारा भव्य रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेरठ प्रांत संगठन मंत्री उमेश कुमार ने पौराणिक कथा का उदाहरण देते हुए रक्षाबंधन पर्व की उत्पत्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राजा बलि और भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा से प्रेरित होकर रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा का आरंभ हुआ, जो आज भी भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। कार्यक्रम में मेरठ प्रांत अध्यक्ष विशाल मित्तल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाया और उनकी रक्षा का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष वंदना सिंगल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते में विश्वास, प्रेम और त्याग की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सुनीता स्वामी ने किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक बृजेश गर्ग, जिला मंत्री मनप्रीत खैरा, नीलम गुप्ता, अंजलि गर्ग, प्रवीण कुमार, समृद्धि सिद्धि, ज्योति, राजेश, मनोज, संतोष अग्रवाल, कुमकुम, ईश्वरी, आयुषी गर्ग, आकांक्षा, विजय त्यागी, मुकेश, सुभाष चंद्र, निशांत, शशि शर्मा, हिमांशु गर्ग, मोहित कुमार, अनोखा सिंह और राजेश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और बहनें उपस्थित रहीं।




# कुशाग्र अग्रवाल ने विकसित किया पहला एआई आधारित म्युचुअल फंड एनालिसिस ऐप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें के रहने वाले कुशाग्र अग्रवाल ने Saffron AI नामक एक क्रांतिकारी ऐप विकसित किया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर आधारित है। यह ऐप म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए बनाया गया है और इसका उद्देश्य उन्हें उनके निवेश का सटीक और वास्तविक समय का विश्लेषण प्रदान करना है। यह ऐप निवेशकों को उनके म्यूचुअल फंड की दैनिक वैल्यूएशन, यूनिट्स की संख्या और नेट एसेट वैल्यू की जानकारी देता है, भले ही निवेश किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से किया गया हो। Saffron AI में 36,000 म्यूचुअल फंड स्कीमों के 20 साल के डेटा का विश्लेषण किया गया है, जिससे निवेशकों को उनके रिटर्न या नुकसान की सही जानकारी मिल सके। यह ऐप उन फंडों को पहच. ानता है और हाइलाइट करता है, जिन्होंने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे निवेशकों को अधिक रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ती है। ऐप पूरी तरह सुरक्षित है और यह मार्केट को प्रभावित करने वाली वित्तीय नीतियों और खबरों की जानकारी भी देता है। ऐप का उद्घाटन कुशाग्र के पिता, भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व उपमहाप्रबंधक सतीश कुमार ने किया। उन्होंने निवेशकों को सलाह दी कि म्यूचुअल फंड निवेश बाज़ार जोखिमों के अधीन हैं और उन्हें किसी भी निवेश से पहले वित्तीय सलाहकार से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि Saffron AI जैसे उपकरण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और बेहतर रिटर्न पाने में मदद करते हैं। कुशाग्र अग्रवाल, जिनके पिता सतीश कुमार और माता संगीता अग्रवाल एसएसवी कॉलेज में केमिस्ट्री प्रोफेसर हैं, ने कई सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स और अपने पिता के वित्तीय ज्ञान की मदद से इस ऐप को बनाया है। Saffron AI ऐप अब Google Play Store और Apple App Store पर उपलब्ध है। लॉन्च के शुरुआती प्रमोशन के तहत, पहले 10,000 यूजर्स इस ऐप को मुफ्त में डाउनलोड कर अपने पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर सकते हैं।



# उत्तर प्रदेश सरकार लिखी निजी गाड़ी पर पुलिस की कार्रवाई, 5000 का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में यातायात पुलिस द्वारा निजी गाड़ियों पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

नगर क्षेत्र के दिल्ली रोड पर एक सफेद बोलेरो गाड़ी को पुलिस ने रोका, जिस पर अवैध रूप से उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ था। जाँच में पता चला कि गाड़ी का कोई सरकारी कनेक्शन नहीं था और यह एक निजी वाहन था। यातायात प्रभारी छवि राम ने बताया कि यह कार्य मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, क्योंकि ऐसे प्रतीक गलतफहमी पैदा कर सकते हैं और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं। इस उल्लंघन के लिए गाड़ी के मालिक पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह इस तरह की दूसरी घटना है। कुछ महीने पहले भी इसी रोड पर एक और बोलेरो गाड़ी का 19,500 रुपये का चालान काटा गया था। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी निजी गाड़ियों पर सरकारी प्रतीक, जातिसूचक शब्द, या किसी भी तरह के अनुचित लेखन का इस्तेमाल न करें। ऐसा करना कानूनी तौर पर गलत है और दंडनीय अपराध है।




# शहर में धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** 15 अगस्त के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल, धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी सहित कई के गणमान्य नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर देशभक्ति के गीतों और जोशीले नारों के साथ तिरंगे का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मंडल महामंत्री अमित टांक ने कहां की देश को आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है। शहीदों के बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। केवल उनके बताए रास्ते पर चल कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।कार्यक्रम के संयोजक संजय चेतन राणा और विश्व प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में नगर महामंत्री अमित टांक, गुड्डू प्रजापति, विशाल कौशिक, सभासद अजय कुमार, वरुण शर्मा, इकराम, डा. राजेश, जहीरूद्दीन, इकबाल, गौरव शर्मा, दिनेश बंसल, दीपक राबिया, हिमांशु गुप्ता तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## एक नजर

### साइबर ठगों ने की 7500 की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के परतापुर निवासी अनुज कुमार तोमर के बैंक खाते से साइबर ठगों ने शनिवार रात 7,500 रुपये गायब कर दिए। पीड़ित को रात 12 बजे मोबाइल पर अकाउंट डेबिट का अलर्ट मिला। उन्होंने तुरंत बैंक को सूचित कर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर सेल की मदद से ठगों को ट्रेस करने की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### श्री रामचरितमानस पाठ का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सेवा भारती द्वारा पिछले 11 वर्षों से आयोजित किए जा रहे श्रीरामचरितमानस के तृतीय सत्र का 131वाँ साप्ताहिक पाठ रविवार को बजरंगपुरी मोहल्ले में प्रद्युम्न कुमार सिंह के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर कथावाचक रामकेश सिंह ने भरत के शोक निवारण के लिए मुनि वशिष्ठ द्वारा दिए गए जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। सेवा भारती के मंत्री अखिलेश ने संगठन के उद्देश्यों को रेखांकित किया, जबकि अध्यक्ष सुधीर गोयल ने यजमान सहित सभी उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रद्युम्न कुमार सिंह, ईशांत, गोपाल कृष्ण, राम प्रवेश, कृष्ण कुमार शर्मा, जगदीश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद मित्तल, रामनिवास शर्मा, शिव सागर, अरुण गोयनका, परमात्मा शरण, विपिन अग्रवाल, हीरालाल, पवन सिंहल, अभिषेक धीमान, चंदभान पहलवान, राम नवल, सतेंद्र सोम, हरेंद्र चौहान, हरि कुमार और सीताराम सहित अनेक भक्तों ने शिरकत की।

### हर घर तिरंगा अभियान का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 9 से 12 अगस्त 2025 तक चलने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका हाल में हुआ। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीवान पब्लिक स्कूल और आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शहीद स्तंभ पर तिरंगे की सुंदर रंगोली बनाई। दीवान पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। एसएसवी इंटर कॉलेज के छात्रों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। आर्य कन्या पाठशाला की छात्राओं ने सामूहिक रूप से जीत पर भाव व्यक्त किया। एक छात्रा ने संस्कृत श्लोक का गायन भी किया। मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमें स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को याद दिलाता है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने छात्रों से परीक्षा में शत-प्रतिशत गुणवत्ता लाने और अपने कार्यों के प्रति निष्ठावान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराना नहीं, बल्कि देशप्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। बाल विकास, उद्योग और एनआरएलएम जैसे विभागों ने अपने स्टाल लगाए, जहाँ से लोगों ने विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर के अलावा, सीडीओ हिमांशु गौतम, डीआईओएस डा.श्वेता पुठिया और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के उत्साह ने यह साबित कर दिया कि हापुड़ में यह महोत्सव पूरे दिल से मनाया गया।

### दबंग सेल्समैन ने ग्राहक से की जमकर मारपीट, घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अतरपुरा चौपला के पास स्थित एक शराब के ठेके पर सेल्समेन द्वारा ग्राहक को खींचकर मारपीट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ग्राहक और सेल्समैन के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद दो सेल्समैनों ने ग्राहक को ठेके के अंदर खींच लिया। उन्होंने लाठी और घूंसे से उस पर हमला कर दिया।

इस दौरान वहां मौजूद लोग भी तमाशबीन बने रहे, जब तक कि कुछ लोगों के बीच-बचाव के बाद सेल्समैनों ने उसे छोड़ा। इस घटना ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, क्योंकि सेल्समैनों ने खुलेआम और बिना किसी डर के कानून को अपने हाथ में लिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे है आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया था। इसके संबंध में थाना हाफिजपुर पर मुकदमा दर्ज कराया गया था संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। रविवार को थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा युवक पर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे है आरोपी कपिल त्यागी पुत्र हरिओम त्यागी निवासी ग्राम रामपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड को उसके मसकन से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई वीरांगना फूलन देवी की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सपा के जिला कार्यालय पर वीरांगना फूलन देवी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने की। जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर और अन्य कार्यकर्ताओं ने फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

आनंद गुर्जर ने कहा कि फूलन देवी ने अपने और अपने परिवार पर हुए अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया और इसी कारण चंबल घाटी में उनका नाम सम्मान से लिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने उन्हें संसद में भेजकर सम्मान दिलाया था, लेकिन उनकी हत्या कर दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने एडवोकेट अनिल आजाद को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष तेजपाल प्रमुख का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर इकबाल कुरेशी, राजेश यादव ,पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट, पदम सिंह जाटव, अय्यूब सिद्दीकी, सीमा तनेजा, यशी यादव, दिलजहा, मुनिसा परवीन ,अख्तर मलिक, अलीमुर्तजा, लाईक अहमद , चौधरी हम्माद मतीन, संजय गहला. ेत, मंजीत चौधरी ,सुल्तान खान, मो. हसिन सलमानी आजाद अल्वी आदि मौजूद रहे।




# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कम्पोजिट विधालय मुरादपुर ब्लॉक सिंभावली जनपद हापुड़ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मनाया गया। सभी ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी ने शहीदों को नमन किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली, इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए और हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर स्वतंत्रता संग्राम और देश प्रेम के नारे लिखे थे। मार्ग के किनारे खड़े लोग भी बच्चों के उत्साह को देखकर तालियां बजाते रहे।

फेरी के दौरान पूरा ग्राम भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। प्रधानाध्यापक उमेश त्यागी ने छात्र-छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन कांड के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी से आवाहन किया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त 2025 तक सभी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा ने कहा कि आज हमें जो आजादी मिली है वह महान क्रांतिकारियों के बलिदान से मिली है। हमें उनके आदर्श पर चलकर देश को एक नई दिशा देना है। भारत फिर से विश्व के शिखर पर होगा। उन्होंने कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करे तो भारत फिर से सोने की चिड़िया बनेगा। इस मोके पर विधालय का समस्त स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।



# रक्षाबंधन पर बहनों संग बंधी अटूट रिश्तों की डोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी हापुड़ देहात मंडल द्वारा ग्राम असौड़ा में तिरंगा यात्रा एवं शहीद स्मारक स्वच्छता अभियान का आयोजन आज भारतीय जनता पार्टी हापुड़ देहात मंडल के अंतर्गत ग्राम असौड़ा में स्वच्छता अभियान के तहत शहीद स्तंभ की साफ-सफाई की गई तथा तिरंगा चौक से पुराने महल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल व पूर्व अध्यक्ष मालती भारती रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हापुड़ देहात दिनेश त्यागी ने की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित सिवाल, मंडल के महामंत्री व कार्यक्रम के संयोजक अमित चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष मुनेश त्यागी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश शर्मा, तथा भारतीय जनता पार्टी हापुड़ देहात संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे

## तिरंगा देश की आन व शानः डा. ढिल्लो



अमरोहा। नगर में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो व भाजपा नेता।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान व एकता का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का मकसद आने वाली पीढ़ी को यह बताना है कि हमारा देश कितनी कठिनाईयों व संघर्षो के बाद आजाद हुआ।

मिनी स्टेडियम से शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निक. ाली गयी। जो यहां से शुरू होकर गांधी मूर्ति होते हुए, बिजनौर रोड स्थित निशा पैलेस पर समाप्त हुई। यात्रा के बीच में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। देशभक्ति की गूंज तिरंगा यात्रा में दूर तक सुनाई दे रही थी। लोग झूमते गाते भारत माता की जय व वंदेमातरम के नारे लगाते चल रहे थे। जिन रास्तों से तिरंगा यात्रा गुजरी वहां का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। नागरिकों द्वारा जगह जगह तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समापन पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन पर इस यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है। बलिदान व एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मकसद आने वाली पीढ़ी को यह बताना है कि देश को आजादी दिलाने में कितने वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान है तथा उन्होंने कितना संघर्ष झेला। देश की प्रगति में योगदान देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस दौरान हाथों में तिरंगा लिये देशभक्ति के गीतों पर कदमताल करते लोग चल रहे थे। आखिर में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चेयरमैन धनौरा प्रवीण अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, गुरेन्द्र ढिल्लो, वीरेन्द्र सिंह, मोमराज गुर्जर, गिरीश त्यागी, रामकिशोर चौहान, ब्रजेश चौधरी, ऋषिपाल नागर, विजेन्द्र सिंह, भूप सिंह, राकेश वर्मा, चन्द्रपाल भाटी, अमित सैनी, शुभम चौधरी, अबुल कलाम, डा. एसके सैनी, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# मछली पकड़ने गया युवक फंसा मौत के जाल में

## गहरे पानी में डूबने से हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** रविवार को ग्राम ढयोटी में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। बछरायूं थाना क्षेत्र के ग्राम ढयोटी निवासी नितिन पुत्र प्रीतम सिंह अपने दोस्तों के साथ गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित बड़े तालाब पर मछली पकड़ने और नहाने के इरादे से गया था। गर्मी और उमस में पानी की ठंडक का आनंद लेने के लिए जैसे ही नितिन तालाब में उतरा, कुछ ही देर में वह गहरे पानी की ओर चला गया।

पानी की लहरों ने नितिन को अपनी गिरफ्त में इस कदर जकड़ा कि वह बाहर निकलने की कोशिश भी न कर सका। दोस्तों ने चीख-पुकार मचाई और गांव में खबर फैलाई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस दल-बल के साथ वहां पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत और कई बार गोता लगाने के बाद स्थानीय गौतखोरो को नितिन का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नितिन की मौत की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के बुजुर्गों ने युवाओं को पानी के गहरे हिस्सों से दूर रहने और नहाने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। गांव में चर्चा है कि अगर नितिन तैराकी में पारंगत होता या पानी की गहराई का अंदाजा पहले लगा लेता, तो शायद यह हादसा टल सकता था। लेकिन अब इस घटना ने गांव के हर घर में एक चेतावनी छोड़ दी हैख्र गहराई के मजाक मत बनाओ, वरना पानी जान भी ले सकता है। सीओ बछरायूं अंजलि कटारिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नितिन खादर इलाके में मछली पकड़ने और नहाने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# बछरायूं में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत बछरायूं में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निक. ाली गई। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। तिरंगे की शान में लगे 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा, तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी आजादी, एकता और बलिदान का प्रतीक है। हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह इसका सम्मान करे और इसे गर्व से अपने घर पर फहराए। यात्रा में रामवीर सिंह, शेख चिरागुद्दीन, अनुज त्रिवेदी, राजपाल प्रधान, अंकुर अग्रवाल, सुरेश सैनी, नरेंद्र उत्पल, सौरभ विश्वकर्मा, अजय यादव, अनवर चौधरी, सतीश रस्तोगी, मुकेश कुमार, छोटे गुड्डू, राहुल, प्रिंस, पवन, सुनील प्रजापति, चांद मोहम्मद, अहद, पंकज, डिंपल पाल, नरेंद्र रूपल, उवैस कुरैशी, दीपांशु, अनमोल रस्तोगी, फैजान कुरैशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा ने न केवल देशभक्ति का संदेश दिया, बल्कि हर घर पर तिरंगा फहराने का संकल्प भी दिलाया

## सतवंत की गिरफ्तारी को पुलिस ने कराई मुनादी

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** महिला कांस्टेबिल की आत्महत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की का वारंट चस्पा कर दिया गया। इस दौरान ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी भी करायी गयी। बताते चलें कि गांव भीकनपुर शर्की निवासी रितु ने आत्महत्या कर ली थी। जिसमें सतवंत सिंह को मुख्य आरोपी बनाया गया था जो लगातार फरार है। काफी कोशिश के बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। आज उसके घर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने ढोल नगाड़ों से मुनादी भी करायी।

### आरोपी गिरफ्तार, बालिका अस्पताल में भर्ती

# तहेरे भाई ने बालिका को बनाया हवस का शिकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** किसान की छह वर्षीय बेटी के साथ ताऊ के बेटे ने बलात्कार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी अमित कुमार आनन्द ने भी घटना स्थल का मुआयना किया।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। भाई को राखी बांधने के बाद शनिवार दोपहर में किसान की छह साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सगे ताऊ का बेटा कृष्ण अपनी मासूम चचेरी बहन को बहाने से बुलाकर गांव से बाहर खेतों की ओर ले गया। नशे की हालत में वहां उसने बच्ची के साथ रेप किया और दरिंदगी कर भाग गया। खून से लथपथ पीड़ित काफी देर तक नग्न हालत में खेत में बेहोश पड़ी रही। वहीं, आरोपी घर लौटकर अपने कामों में जुट गया। दूसरी तरफ शाम तक बेटी के नहीं मिलने पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव में उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब चार घंटे बाद बच्ची गांव के बाहर दीपक शर्मा के खेत में बेहोश हालात में खून से लथपथ मिली। रात में आनन-फानन में पीड़िता को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर थाना प्रभारी कोमल तोमर मौके पर पहुंची। आरोपी कृष्ण को घर से गिरफ्तार कर लिया। फोरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से सुबूत जुटाए। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वहीं, रात में करीब दस बजे एसपी अमित कुमार आंनद व एएसपी अखिलेश भदौरिया ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। अस्पताल पहुंचकर पीड़ित बच्ची का हाल भी जाना। एसपी ने बताया कि मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। चालान करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# रक्षाबंधन मनाकर घर लौटने लगे लोग, सड़कों पर लगा जाम




गजरौला। चौपला चौराहे से धनौरा दिशा में फ्लाई ओवर तक लगा जाम।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रक्षाबंधन मनाकर घर लौट रहे लोगों से सड़कें भर गईं, इस कारण चौपला चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। वहीं बिजनौर स्थित बैराज पुल पर गंगा. पुल पर वाहनों का आवागमन बंद होने के कारण किए गए रूट डायवर्ट के कारण भी गजरौला में जाम का असर देखने को मिला। रक्षा बंधन के त्यौहार के चलते सड़कों पर खूब आवाजाही चल रही है, इस कारण यातायात का दबाब बढ़ गया। इससे चौपला चौराहे पर जाम के हालात बन गए। आलम यह रहा कि इंदिरा चौक व हसनपुर रोड सहित हाइवे चौपला पर भी जाम की स्थिति बन गई। जाम के कारण दूर दूर तक वाहनों की कतारें लग गईं। गर्मी के कारण जाम में फंसे लोगों के पसीने छूट गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से जाम खुलवाने का प्रयास किया मगर दिन भर वाहन रेंग रेंग कर ही गुजरते रहे।

## हाइवे पर मुरादाबाद दिशा में लगा जाम

**गजरौला।** वहीं हाइवे पर शाम के वक्त जाम की समस्या रही। हापुड़ से मुरादाबाद दिशा की तरफ जाम ज्यादा रहा। इस कारण वाहनों की काफी लंबी कतार भी लगी रही। बता दें कि इस बार रक्षा बंधन का त्यौहार शनिवार को होने के बाद रविवार का भी अवकाश साथ में हो गया। जिससे लोग वीकेंड पर अपने घर परिवार में त्यौहार मनाने ज्यादा संख्या में गए। निजी वाहनों से ज्यादा आवागमन होने के कारण सड़कों पर और दिनों की अपेक्षा यातायात का दबाब बढ़ गया, नतीजन जाम जैसे हालात बन गए। आवा. जाही ज्यादा होने के कारण ट्रेनों में भीड़ की स्थिति बनी रही। जनरल कोचों के साथ साथ स्लीपर में भी भीड़ रही।

# पांच ट्यूबवैलों से मोटर व स्टार्टर चोरी

## शिक्षक विधायक के गांव में चोरों का धावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो के गांव में चारों ने धावा बोल पांच किसानों के ट्यूबवैल की मोटर व स्टार्टर चोरी कर लिया। जिले में बेखौफ चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

घटना थाना क्षेत्र के गांव खंडसाल कलां की है। जो शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो का पैतृक गांव है। बीती रात चोर अमरो. हा के ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो के भाई जयदीप ढिल्लो, मनोज कुमार, कमलजीत सिंह, तेजपाल सिंह, महेन्द्र सिंह उर्फ संजय के ट्यूबवैल से मोटर का तार व स्टार्टर चोरी कर ले गये। सभी किसानों को उस समय घटना की जानकारी हुई जब वह आज अपने ट्यूबवैल पहुंचे। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दे दी गयी है। लगातार चोर किसानों के ट्यूबवैल से मोटर, स्टार्टर व केबिल चोरी कर रहे हैं। जबकि पुलिस अंजान बनी है।

# टैरिफ के विरोध में फूंका ट्रम्प का पुतला

## स्वदेशी अपनाकर दें जवाब




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** भारत पर लगाये गये 50 प्रतिशत टैरिफ के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूंका। उन्होंने राष्ट्रपति को हिटलर बताते कहा कि भारत को उनसे सावधान रहना चाहिए।

बुधबाजार चौराहे पर स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले को आग के हवाले किया। एडवोकेट सुधांशू विश्नोई ने कहा कि अमेरिकी कम्पनियों ने भारत के बाजारों पर कब्जा कर रोजगार खत्म कर दिया है। जबकि अमेरिकी के राष्ट्रपति द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ ठोका गया है। जिससे महंगाई और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता को स्वदेशी अपनाकर इसका जवाब देना चाहिए। हमें किसी भी देश के उत्पादन पर ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। पुतला फूंकने वालों में आफताब आडवाणी, हिमाचल यदुवंशी, रोहित चिकारा, विरेन्द्र, चेतन चौहान, इकराम सैफी, इरफान, खुर्रम अली, नाजिश, लोकेश, रेडी आदि शामिल रहे।

# सांप न पकड़ने पर ग्रामीणों ने दी पलायन की चेतावनी

## अब तक कई ग्रामीणों को डस चुका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना रहरा क्षेत्र के ग्राम तरौली में सांप के काटने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे ग्रामीणों में डर और दहशत का माहौल है। बीते दिनों सांप के काटने से एक 11 साल के बच्चे और तीन मवेशियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा सात अन्य ग्रामीणों को भी सांप डस चुके है। और उनका इलाज चल रहा है।

शनिवार की देर शाम दिनेश नागर की पत्नी बबली घर पर स्थित नल से पानी भरने के लिए गई थी। इसी दौरान नल के पास बैठे जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा तत्काल महिला को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इन बीस दिनों के अंदर सांप अब तक 24 वर्षीय मोहित नागर, 15 वर्षीय सोनी, 40 वर्षीय महिला मुनेश, 26 वर्षीय राजनी को डस चुके हैं। जिनका अभी भी उपचार चल रहा है। जबकि तकरीबन 11 दिन पूर्व अशोक नागर के 11 वर्षीय बेटे अर्पित की सांप के डसने से मौत हो चुकी है। जबकि जहरीले सांप के डसने से गांव निवासी रामवीर सिंह के तीन मवेशियों की भी मौत हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के तालाब की कई सालों से सफाई नहीं हुई है, जिसकी वजह से उसमें जहरीले सांप पनप रहे हैं। ये सांप बार-बार ग्रामीणों और मवेशियों पर हमला कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि गांव में तुरंत सर्प पकड़ने वाली टीम को भेजा जाये। और पास के अस्पतालों में एंटी-वेनम दवाओं और प्रशिक्षित डॉक्टरों को 24 घंटे उपलब्ध कराया जाये। इसके साथ ही गांव के तालाब और आसपास के क्षेत्रों की सफाई करवाई जाये। और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाये। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो ग्रामीण सामूहिक रूप से गांव छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। तरौली निवासी शिक्षक गौरव नागर ने प्रशासन से अनुरोध करते हुए बताया कि ग्राम वासियो में भय का माहौल है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाये जाये। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाये। वन विभाग की टीम को भी सक्रिय किया जाये।

# सूफियाना कलाम पर जमकर झूमे जायरीन

## हजरत बाबा फरीदी की दरगाह पर उमड़े जायरीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** हजरत बाबा फरीदी रहमतुल्लाह अलैह के 551वें उर्स तीसरे दिन बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर अकीदत के प ल चढ़ाए। सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी ने मेहमानों की दस्तारबंदी की तथा उन्हें स्मृति चिंह भेंट किए। नेशनल हाइवे पर स्थित हजरत बाबा फरीदी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर चल रहे चार दिवसीय उर्स के तीसरे दिन रविवार को अमरो. हा के अलावा मुरादाबाद, बरेली, रामपुर, संभल, बदायूं, दिल्ली, महाराष्ट्र, शोलापुर, हैदराबाद आदि जगहों से आए जायरीनों ने दरगाह में हाजिरी देकर चादर पेश की। बाद मुल्क में अमन-चौन के लिए दुआ मांगी। सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी ने तमाम मेहमानों का इस्तकबाल किया तथा उनकी दस्तारबंदी की। इस दौरान बड़ी हवेली से चादरशरीफ का जुलूस दरगाह पहुंचा, यहां अकीद. तमंदों ने बाबा फरीदी से अकीदत का इजहार करते हुए गुलपोशी की। दरगाह पर दिनभर जायरीनों के आने का सिलसिला चलता रहा। वहीं, बाद नमाज-ए-मगरीब खत्म शरीफ हुआ। इसके बाद महफिले समा का आयोजन किया गया। जिसमें कव्वालों ने बाबा की शान में कलाम सुनाकर जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ख्वाजा रिफाकत फरीदी, मुनीर फरीदी, इसरार अख्तर, रिफाकत फरीदी, एहसान फरीदी, सद्दाम साबरी, संभल के पूर्व सपा जिलाध्यक्ष फिरोज खां, उवैस मुस्तफा रिजवी, रहबर रिजवी, राशिद मुस्तफा, साजिद मिर्जा आदि मौजूद रहे। उधर, दरगाह परिसर में लगे मेले में महिलाओं ने खूब खरीदारी की। बच्चों ने खेल तमाशे और चाट पकौड़ी का लुत्फ उठाया

## संगठन की मजबूती पर ध्यान दें कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भाकियू आनंत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी हर कार्यकर्ता की हैं। उन्होने मुजफ्फर अंसारी को मंडल प्रभारी नियुक्त किया। मोहल्ला काजीजादा स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में भाकियू अनंत की बैठक हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संगठन से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि लोगों तक वह अपनी बात पहुंचायें। उन्होने कहा कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक उनकी कहीं पूछ नहीं होगी। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर रहें तथा किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहें। संगठन ने डा. सिराज उद्दीन हाशमी से मिलकर उनके परिवार को धमकी दिये जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते प्रशासन से जल्द खुलासे की मांग की। बैठक में जिलाध्यक्ष शकील अहमद, इसरार अहमद एडवोकेट, आदिल अब्बासी, गुफरान सिद्दीकी, मुदस्सिर, सरताज बेग, हसन राजा खान, काशिफ खान आदि मौजूद रहे।

# रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी का बाढ़ ग्रस्त गांवों का तूफानी दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी रविवार को सैफनी क्षेत्र के ग्राम ललवारा ट्रैक्टर चला कर पहुंचे पहुंचे। पहाड़ों पर अधिक बरसात होने के कारण कोसी नदी व रामगंगा नदी के पानी से ग्राम ललवारा में बाढ़ आ गई। बाढ़ आने के कारण ग्राम ललवारा का संपर्क सैफनी शाहबाद व जिले से कट गया है और 5-6 दिन से बाढ़ का पानी चार पांच फीट रास्ते पर चल रहा है और ललवारा के गांव किसानो की धान व गन्ने की फैसले भी बाड से बर्बाद हो गई। इसके अलावा जानवरों को भी खाने के लिए चारा नहीं मिल पा रहा है और लोगों के घर भी बाढ़ में कट गए हैं। सांसद नदवी ने केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन से मांग की ग्राम ललवारा के लोगों को राहत



सामग्री दी जाए और घरों के कटान को रोकने के लिए पत्थर लगाए जाएं तथा फसलों का उचित मुआवजा दिया जाए। जिससे ललवारा गांव के लोग अपना जीवन यापन सही से कर सकें और लोगों को तुरंत फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा मिले जिससे किसान अपनी अगली फसल की बुवाई समय से कर सके ललवारा गांव में 5 6 दिन से बिजली भी नहीं जा रही है और लोग मजबूरी में अंधेरे व गर्मी में रात गुजर रहे हैं तथा बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं और बच्चों की पढ़ाई लिखाई का नुकसान भी हो रहा है।

सांसद नदवी शाहाबाद में अपने नगर पालिका प्रतिनिधि नसीम मियां के आवास पर भी गए नसीम मियां की बीमार मां का हाल-चाल भी जाना। वहीं शाहबाद के दुकानदारों से भी मिले दुकानदारों से मिलकर उनके कारोबार के बारे में पूछा शाहबाद के दुकानदारों व आम लोगों ने सांसद को शाहबाद की समस्याओं से अवगत कराया। और कहा कि हमारे शाहबाद में रेलवे की कोई लाईन नहीं है शाहबाद में रोडवेज बस अड्डा भी नहीं है।

सांसद नदवी द्वारा शाहबाद के लोगों को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही आपके शहर शाहाबाद में रोडवेज बस अड्डे बनवाया जाएगा। इसके अलावा रेलवे लाइन व हाईवे के लिए मैंने पार्लियामेंट में भी मांग उठाई थी और मेरी जल्दी कोशिश रहेगी कि शाहाबाद में जल्द ही रेलवे लाइन की कनेक्टिविटी व हाईवे मिले जिसे शाहबाद के दुकानदारों आम लोगों को रेलवे कनेक्टिविटी मिलने पर कारोबार में फायदा होगा।

सांसद नदवी ने मीडिया से प्रेस कॉन्फ्रेंस की औरं नगर पालिका परिषद रामपुर में अपना प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल सलाम साहब को नियुक्त किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट, तस्लीम मियां, शहादत अली, इन्तेखाव अली, मास्टर शरफाराज अली, सखावत अली, बब्लू सभासद, वोवी मियां, जाकिर खां, सभासद नसियत मियां, शावेज, मन्सूर मियां, मौलाना मोहम्मद अली, राम बहादुर दिवाकर, बदन सिंह यादव, हाफिज नूरी कलवे, जमील सैफी, अरशद अली एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे है।

# 13 अगस्त को व्यापार मंडल तिरंगा यात्रा नगर में निकालेगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार मोहल्ला काशीपुर वार्ड नंबर 6 में मोहब्बे अली की जानिब से अनवर अली कपड़े वालों के मकान पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने मोहल्ले के लोगों व व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा की आने वाली 13 तारीख को स्वार में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिलों के रूप में निकालने जा रहा है जिसमें सभी नगर और तहसील क्षेत्रो के लोगों को आमंत्रित किया है।

सभी से गुजारिश है कि 13 तारीख में सुबह 10:30 बजे तिरंगा यात्रा में शामिल होकर तिरंगा यात्रा की शोभा को बढ़ाएं और व्यापार मंडल का साथ दें उद्योग व्यापार प्रतिदिन मंडल आपके हरदम साथ है हर काम में साथ है इस मौके पर मौजूद व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनवर अली, हाशिम शान, अजीज मियां, फुरकान अली, रेहान अली, रेहान गुड्डू हाफिज जी, इस्लाम अहमद, रईस चाचा इरफान अली, दानिश अंसारी, शकील सलमानी, बादशाह, मोहब्बे अली, अनवर अली कपड़े वाले, रईस अहमद मुनव्वर अली, फहीम अली, जलीश अहमद, मकसूद अली, नासिर अली, हाफिज जी इल्लास अहमद, शरीफ अहमद, मोहम्मद अहमद और समस्त मोहल्ले वाले मौजूद रहे।

# अपना दल एस की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित, सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** रविवार को अपना दल (एस) की विधानसभा क्षेत्र स्वार टांडा की मासिक समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष शरीफ जमील की अध्यक्षता में नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट ने कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जोन, सैक्टर व बूथ स्तर पर पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाएं।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव अपना दल एस अपने बल पर कप प्लेट के निशान पर लड़ेगा। बैठक में अपील की गई है जो लोग जिला पंचायत का चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं वह जिला अध्यक्ष से मिलें और आगे हिदायत की गई कि एक सप्ताह के भीतर टाण्डा जोन और दढ़ियाल जोन की मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि जिला सचिव हाजी मेहबूब ने सभी पार्टी



पदाधिकारियों से पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आहवान किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष स्वार शरीफ जमील ने कहा कि सभी जोन अध्यक्ष बैठक कर जोन स्तर के संगठन को मजबूत करें। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष अहमद नबी सैफी ने किया। बैठक में जिला महासचिव और जिला मीडिया प्रभारी असजद अली अकील प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष चमरौआ महबूब अली पाशा, डाल चंद सैनी, जोन अध्यक्ष टांडा अकबर अली, शरीफ अंसारी, पुरूषोत्तम सैनी, फईम हसन, मोहम्मद जुबैर, इफ्तिखार अली मंसूरी, शकील फूफा, महबूब प्रधान आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह ने रामपुर के शहरे मुफ्ती के घर पहुंच कर दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी शनिवार की देर रात मुफ्ती मौलाना मकसूद फुरकानी के घर पहुंचे और उनको रामपुर का शहरे मुफ्ती बनाए जाने पर खुशी जताते हुए मुबारकबाद दी। इससे पहले सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद नासिर खां और नायब मुफ्ती मारिफ उल्लाह खां के घर भी पहुंचे और उनको भी मुबाराबाद दी।

रामपुर जामा मस्जिद के इमाम एवं मुफ्ती ए आजम मौलाना महबूब अली ने अपनी बीमारी के चलते कुछ दिन पूर्व ही रामपुर शहर जामा मस्जिद का इमाम मौलाना मोहम्मद नासिर खां और मौलाना मकसूद फुरकानी को मुफ्ती ए शहर व नायब मुफ्ती मारिफ उल्लाह खां को बनाया है। मुफ्ती मकसूद फुरकानी मुफ्ती ए आजम के



खास शागिर्द और और पच्चीस साल से मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया में दीनी तालीम का काम करते हैं। मुफ्ती मकसूद फुरकानी को मुफ्ती ए शहर बनाये जाने पर शहर रामपुर और जिले में खुशी की लहर है। मुफ्ती ए शहर को आसिम खां बंबइया नेता समाजवादी पार्टी, जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन, घोसी समाज के जिला अध्यक्ष बब्बू अली, हाफिज रफी नूरी, सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली, अरशद पाशा एडवोकेट, उस्मान पाशा, डॉ. मकतूब अली, नासिर अली आदि ने फुल माला पहना कर स्वागत किया।

# ई-रिक्शा से टक्कर में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** टाण्डा-बाजपुर मार्ग पर ग्राम मोहनपुरा के पास ई-रिक्शा और बाइक की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाजपुर निवासी बाइक सवार आशीष उर्फ गुन्नू (20 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गयी।बाइक पर बैठा उसका दोस्त रिंकू गम्भीर रूप से घायल हो गई।इसके अलावा पीछे से आ रही एक और बाइक ई रिक्शा से टकरा गई।उस पर सवार बाइक चालक और उसका 6 वर्षीय बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी लाया गया,जहां चिकित्सकों ने गुन्नू को मृत घोषित कर दिया।जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।



उत्तराखंड के बाजपुर निवासी गुन्नू अपने दोस्त रिंकू के साथ सुबह किसी काम से टाण्डा क्षेत्र के एक गांव में आया था।बताते हैं कि वह काम से निपटकर अपने घर बाजपुर वापस जा रहा था कि नगर के पास ग्राम मो. हनपुरा में मुख्य मार्ग पर ई रिक्शा वाले ने जैसे ही रिक्शा को मोड़ने की कोशिश की तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा से टकरा गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि आशीष उर्फ गुन्नू (20 वर्ष)बाइक से गिरकर बेहोश हो गया,जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त रिंकू(25 वर्ष) गम्भीर रूप से घायल हो गया।

इसी दौरान थाना भगतपुर के ग्राम रायपुर समदा निवासी मुबीन(32 वर्ष) अपनी पत्नी फूल जहां और 6 वर्षीय बेटे राजा हुसैन के साथ बाइक से स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव स्थित खेड़ा गजरौला अपनी ससुराल जा रहा था।उसकी बाइक ई रिक्शा के साथ ही गुन्नू की बाइक से टकरा गई।जिससे मुबीन,उसका बेटा घायल हो गए।

सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां चिकित्सकों ने गुन्नू को मृत घोषित कर दिया,जबकि गम्भीर रूप से घायल रिंकू को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।शेष घायलों को उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया।पुलिस ने गुन्नू के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दे दी गयी है।

# भाजपा नेता को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** समाजसेवी और भाजपा नेता ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधकर मनाया। रक्षाबंधन का पर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के आवास पर बहन भाई के रिश्तों के अटूट बंधन के पर्व

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने आकर राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर कु. नरेंद्र सिंह गंगवार, दीक्षा गंगवार, चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार एडवोकेट, प्रशांत पटेल, डॉक्टर दीया गंगवार, डॉक्टर पारस गंगवार उपस्थित रहे।

# किसानों ने निकाली तिरंगा यात्रा सैकड़ों किसान हुए शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में वाहन लेकर ट्रैक्टर मोटरसाइकिल फोर व्हीलर आदि शनिवार का में एकत्र हुए। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी वर्तमान पदाधिकारी ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए आजादी का जश्न मनाया। भारत मां के चार सिपाही हिंदू मुस्लिम सिख इसाई तिरंगा यात्रा के दौरान देश भक्ति के गीत बजाए गए टोल प्लाजा पर पहुंचकर कई पदाधिकारी ने देशभक्ति के गीत गाए।

वारसी ने देश की आजादी में शहीद हुए शहीदों को नमन करते हुए किसानों मजदूरों व्यापारियों देशवा. सियों से अपील करते हुए कहा कि शहीदों की यादों में उनके सम्मान में कमी नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर मक्खन सिंह चौहान, गुरदेव सिंह, सलीम वारसी, संतोष कुमार, सिकदर, सतनाम सिंह, मुबारक हसन, सफदर अली, मुराद खान, इमरान, शराफत अली, आरिफ, शाकिर अली, फरीद, मतलूब, जावेद मियां, नादिर मियां, सैयद जमाल, आरिफ मियां, फरहत खान, शकील खान, जमुना प्रसाद, असीम राजा, समीर वारसी, कबीर वारसी, रोहित गुप्ता, फरमान वारसी, इलियास अहमद आदि शामिल रहे।

# रामपुर में निकाली गई मोटर साइकिल रैली विधायक, डीएम और एसपी ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार सहित भारी संख्या में आमजन ने रामपुर शहर में आंबेडकर पार्क से गांधी समाधि स्थल तक मोटरसाइकिल रैली निकाली।

इस रैली का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल बनाना तथा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन भागीदारी को बढ़ाना है।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि आमजन 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाएं। नागरिक गण तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट्.ािंहींतजपतंदह.बवउ पर भी अपलोड करें।

# चंद्रपुरा खुर्द गांव में गंगा का जल का स्तर बढ़ने से घरों में घुसा पानी

## आवागमन हुआ बंद ग्रामवासियों की जान जोखिम में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा खुर्द में घरों में घुसा गंगा का जल ग्रामीणों ने बताया कि गंगा का जल का स्तर बढ़ जाने के कारण गांव में जल का स्तर रोजाना बढ़ रहा है। जिसके कारण लोगों में भए व्याप्त है बीते शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर चारों ओर की रास्ते पानी से भरे होने के कारण बंद पड़े है भाई बहिन भी आवागमन नहीं कर सके।

गांव के लोग साग सब्जी राशन पानी को भी तरस रहे है सभी ग्रामवासी अपनी जान जोखिम में डाले हुए है और पानी बढ़ने से बिजली के खंभे भी टूट गए है जिसके कारण पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ है और मोबाइल भी ठप होने से गांव वाले किससे शिकायत करें। वहीं कोई भी आला-अधिकारी ग्रामवा.



सियों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। शिकायतकर्ता विशेष कुमार, भारत सिंह, डॉक्टर वीरपाल सिंह, शेर सिंह, रमेश पाल, जुगेंद्र सिंह, छत्रपाल, विजय पाल, ठाकुर रविंदर सिंह, सोमपाल आदि रहे।

# सैफनी में हुई छह लाख की चोरी से क्षेत्र में सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब नगर के मौहल्ला बड़ी मस्जिद निवासी मौ. इदरीश पुत्र स्व. शकूर अहमद जो कि यूपी पुलिस विभाग में जनपद अमरो. हा में कार्यरत है।

शनिवार को अपने कार्य स्थल पर कार्यरत थे। घर पर पीड़ित के परिजन रात्रि को ऊपर बरामद में सो रहे थे कि रात्रि में लगभग 1:45 बजे पीड़ित के पुत्र अदनान की अचानक आँख खुली तो उसने देखा कि कमरे का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है।उसने अपनी माँ व बहनों को जगाया और देखा कि अलमारी में रखे कीमती आभूषण जिसमें 4ऋ तोला सोना (2-चौने, अंगूठी व झुमकी) 350 ग्राम चाँदी जिसमें पैरों की पायल व हाथ फूल तथा बच्चों के एडमिशन व पीड़ित की माता के चालीसवें के लिए अलमारी में रखे 280,000/- रुपये नकद रखे थे। जो अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिए गये। कुल मिला कर लगभग छः लाख का सामान चुरा ले गए। जिसकी पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र अमन व उसकी पत्नी गुलशन आरा को गलत आचरण व गलत व्यवहार के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में इन दोनों का मुझसे व मेरे परिवार से कोई सम्बंध नहीं रहेगा अपने हत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे

**मो. यासीन पुत्र अमीर उद्द्दीन नि. अजीतपुर, नई बस्ती थाना सिविल लाइन्स रामपुर।**

# बाढ़ संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई



**पीलीभीत।** राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख अध्यक्षता में बाढ़ तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद की मुख्य नदियों, तटबंध, नदियों का जलस्तर, गत वर्ष बाढ़ के जलस्तर व प्रभावित बाढ़ क्षेत्रों का विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बाढ़ से बचाव हेतु की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि बाढ़ आने के मुख्य कारण दूनी, वनवसा व नानक सागर बैराज से अत्याधिक मात्रा में छोडे जाने वाला पानी तथा पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार होने वाली बारिश है। बाढ़ की वर्तमान स्थिति के बारे बताते हुए उन्होंने कहा कि नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है तथा अभी अत्याधिक वर्षा भी नही हुई है। उन्होंने वर्षवार बैराज से छोडे गये पानी तथा बारिश का विवरण प्रस्तुत किया। बाढ़ से पूर्व की गई तैयारियों के बारे में उन्होंने बताया कि जनपद में 07 कन्ट्रोलरूम, 32 बाढ चैकी, 34 बाढ शरणालय, 67 नाविक, 90 गोताखोर व मेडिकल टीमें की व्यवस्था कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव हेतु सभी तहसीलों में संसाधन उपलब्ध है तथा सभी तहसीलों में मॉकड्रिल कर ली गई है। तहसीलवार सम्भावित बाढ से प्रभावित ग्राम, जनसंख्या, क्षेत्रफल के बारे में बताते हुए कहा कि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, कोटेदार, एएनएम तथा राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राहत चैपाल का आयोजन किया जा रहा है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा स्कूल, कालेज में जनजागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है तथा सचेत ऐप से एलर्ट की जानकारी प्रदान की जा रही है।

## कबड्डी में बरहाना की टीम जीती

**कोसीकलां।** नंदगांव रोड पर बरहाना मोड पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बरहाना, तूमौला, हरीपुरा, सुरवारी, मीनानगर की टीमों ने प्रतिभागिता की है। कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरी सिंह पटेल ने शिरकत की। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाड़ी जीत के लिए जोर लगा रहे हैं। व्यस्थापक निखिल पटेल ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में करीब 80 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के मुकाबले में विजेता बरहाना की टीम को 31 सौ, उपविजेता हरीपुरा की टीम को 21 सौ रुपये देकर सम्मानित किया गया। सुनील गुर्जर, विजेंद्र पहलवान, कन्हैया पंडित, कैलाश पंडित, रघुवीर आर्य, निरंजन पंडित, देवेंद्र चौधरी, वेद चौधरी, शिव सिंह, घनश्याम, निरंजन, राहुल पटेल आदि व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

# आखिर बिना पार्किंग के कैसे मिली अस्पताल संचालन की अनुमति




**पूरनपुर।** यू तो सरकार ने वाहनों के चलने के लिए सड़क और पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाए है मगर जब इन फुटपाथों को ही अवैध पार्किंग बना दिया जाएगा तो पैदल चलने वाले अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पर क्यों न चलें।

यहां लापरवाही किसकी जिन्होंने बिना पार्किंग के किसी भी भवन में हॉस्पिटल, होटल, रेस्टोरेंट बनाए या उस भ्रष्ट सरकारी तंत्र की जो मानकों को ताक पर रख नियम विरुद्ध इन बिना पार्किंग वाले भवनों में हॉस्पिटल, होटल चलने दे रहे हैं। ऐसा की कुछ आलम पूरनपुर नगर में देखने को मिला यहां हॉस्पिटल के बाहर पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है।

पूरनपुर नगर में संचालित शैलेश हॉस्पिटल, शैलेश अल्ट्रासाउंड, चंदी हॉस्पिटल, दिनेश हॉस्पिटल, मायसा चाइल्ड केयर जैसे कई चिकित्सा संस्थानों के पास अपनी पार्किंग व्यवस्था नहीं है, जिससे मरीज और उनके परि. जनों के वाहन सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़े हो जाते हैं। इससे न केवल जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

नगर प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने के लिए पहल करनी चाहिए और हॉस्पिटलों को सख्त निर्देश देकर पार्किंग व्यवस्था न होने वाले हॉस्पिटलों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जिससे पैदल चल रहे लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े और बड़े हादसे से बचा जा सके। यह समस्या पूरनपुर नगर की एक बड़ी चुनौती है, जिसका समाधान करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा।

## श्रीमद्भागवत कथा के निमंत्रण पत्रिका का विमोचन

**कोसीकलां।** ब्रज प्रभात सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन नगर स्थित कमल किशोर वाष्णेय के आवास पर पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल की अध्यक्षता में निमन्त्रण पत्रिका विमोचन किया गया । कार्यक्रम में आगामी 13 अगस्त से शुरू होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। संस्था अध्यक्ष कन्हैयालाल गोयल ने बोलते हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 13 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक थाना रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में कथा व्यास ब्रजवासी दामोदर शरण महाराज के श्रीमुख से अमृतमयी कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा का शुभारंभ 13 अगस्त को कलश यात्रा के साथ होगा। 20 अगस्त को पूर्णाहुति के एव भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शहर के लिए गौरव की बात है। यह सनातन हिन्दू संस्कृति के संरक्षण और प्रसार की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। श्रीमद्भागवत को कलियुग में धर्म, भक्ति और ज्ञान का अद्वितीय स्रोत माना गया है। इसके श्रवण से जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। दामोदर पटवारी ने कहा कि ब्रज वासियो के मुखार विन्द से हमेशा ज्ञान की अमृत वर्षा होती है भागवत के एक एक शब्द में भगवान का वास होता है बैठक का संच. ालन प्रबंधक योगेश धनोतिया ने किया। इस अवसर पर आचार्य मुकुट बिहारी शर्मा, आचार्य विवेक उपाध्याय, भाजपा नेता तरुण सेठ, कन्हैयालाल मंगला, कमलक. ांत शर्मा, हिमांशु, हरीश सेठ,तनिष्क मंगला , कोमल चौधरी आदि रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया दौरा



**मथुरा।** रविवार को जिलाधिकारी सीपी सिंह, एडीएम वित्त पंकज कुमार वर्मा के साथ महावन व वृंदावन के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत लोगों को बाढ़ से निपटने के लिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं। साथ लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों के लिए कच्चा रास्ता बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने वृन्दावन के केसी घाट पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वृंदावन की कई कॉलोनी भी जल मग्न हो गयी हैं। महावन तहसील के गांव नगला अकोश में पहुंचे वहां उन्होंने यमुना नदी के बढ़ते जल प्रवाह को लेकर एसडीम को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान रालोद नेता रामवीर सिंह भरंगर आदि क्षेत्रीय नागरिकों ने उनको बाढ़ से निपटने को लेकर सुझाव भी दिए। वर्तमान में नगला कोस में भारी मात्रा में यमुना जल आ जाने से गांव टापू सा बन गया है। इस समय महावन तहसील में इस गांव के अलावा कई गांव यमुना के बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बलदेव में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से बलदेव देहात क्षेत्र के सीमावर्ती गांव नगला हगा, अकोस समेत 4–5 गांव पानी की चपेट में आ गए हैं। इससे लगभग 2500 से 3000 की आबादी प्रभावित हो रही है। गांवों के आने–जाने के रास्ते बंद हो गए हैं। चारों तरफ पानी फैल जाने से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। बाढ़ चौकी पर न तो कोई कर्मचारी मौजूद है और न ही मेडिकल सुविधा उपलब्ध है। अधिकारियों ने तुरंत एक स्टीमर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इससे गांवों में फंसे लोगों को निकाला जा सकेगा और आवागमन बहाल रहेगा। लगातार बढ़ते जलस्तर से नौहझील क्षेत्र के कई गांवों में पानी पूरी तरह घुस गया। 24 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने अति संवेदनशील तीन गांवों को खाली कराने को कहा है, लेकिन ग्रामीण यहां से जाने से मना कर रहे हैं। नौहझील–छाता मार्ग पर पांच–पांच फीट पानी बहने लगा है। राहगीर पानी में से होकर गुजर रहे हैं। यमुना किनारे बसे गांवों में दहशत का माहौल है। वृंदावन और शेरगढ़ के कुछ क्षेत्रों का भी यही हाल है। एसडीएम कंचन गुप्ता, सीओ संजीव राय, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, नायब तहसीलदार प्रद्युम्न त्रिपाठी, साविका शर्मा और थानाध्यक्ष रंजना सचान साथ थे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** ग्राम दहग्ला में हर वर्ष की तरह दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमें सतेन्द्र मौर्य प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी दंगल में मुख्य अतिथि के रूप रहे। दूर दराज से दंगल देखने आए क्षेत्र के लोगों ने दंगल का आनन्द लिया पहलवानों ने कुश्ती में विभिन्न तरीके के दांव पेंच दिखाएं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम दहग्ला में कुशती का आयोजन किया गया जिसमें पहलवानों ने दांव पेंच दिखाएं आपको बताते चले दंगल, जिसे कुश्ती के नाम से भी जाना जाता है, भारत का एक प्राचीन और लोकप्रिय खेल है। इसका इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है, जब यह खेल राजाओं और महाराजाओं के बीच मनोरंजन के रूप में खेला जाता था। आज भी यह खेल भारत के विभिन्न हिस्सों में बड़े उत्साह और जोश के साथ खेला जाता है। दंगल का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसे रामायण और महाभारत में मिलता है, जिसमें कुश्ती के कई प्रसंग हैं। यह खेल शारीरिक बल और तकनीक का प्रदर्शन करता है, जिसमें पहलवान अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए विभिन्न दांव–पेंच का उपयोग करते हैं। दंगल भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से लोकप्रिय है। इस तरह के आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समुदाय को भी एकजुट करते हैं।

## पेंचक सिलाट अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए मथुरा की बेटी भूमिका का चयन



**कोसी कलां।** नेशनल लेवल पर अपनी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली भूमिका चौधरी ने आखिरकार वह मुकाम हासिल कर लिया जिसका हर कोइ सपना देखता है! पेंचक सिलाट अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए भूमिका चौधरी का चयन हुआ है। 55–59 किलो भार वर्ग मे अंत. रराष्ट्रीय चौंपिनशिप में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगी! राज्य स्तर के साथ–साथ नेशनल लेवल पर भी अपनी बेहतर प्रदर्शन करके अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका भूमिका चौधरी को मिला है शहीद बिशनसिंह सीनियर सेकंडरी स्कूल, दिल्ली में पढ़ने वाली, मथुरा जिला के गाँव जाव की भूमिका चौधरी अपने परिवार के साथ दिल्ली मे रहती है और पढ़ाई के साथ साथ अपने खेल में सफलता की हर मंजिल फतह कर रही है भूमिका चौधरी ने बताया कि मेरा चयन अंतरराष्ट्रीय चौंपियनशिप के होने के बाद अनपे माँ–बाप के साथ साथ स्कूल व कोच विक्रम भसीन सर को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने मुझे ऐसे खेल मे होनहार बनाया जो अब अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता मे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, मेरा सपना है कि मैं अपने देश के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मे जीतकर अपने देश का नाम रोशन करू साथ ही अपने माँ बाप, अपने स्कूल और अपने समाज का नाम भी रोशन करू

# अन्न शुद्धि के लिए अन्नदाताओं को कर रहे जागरुक



**कोसीकलां।** देश के किसानों को शुद्ध अनाज पैदा करने और देशवासियों को ब्रांडेड कंपनियां की बजाय किसानों के उत्पाद खरीद कर सेवन करने को प्रेरित व जागरूक करने के लिए किसान के बेटे गौरव त्यागी ने पैदल भारत यात्रा शुरू की है।

44 वें दिन उनकी यात्रा कोसीकलां पहुंची। हर दिन 25 से 30 किलोमीटर तक पैदल चलते हुए वह रास्ते में किसानों से मिलेंगे, उन्हें जागरूक करेंगे और शुद्ध अनाज पैदा कर ग्राहकों तक पहुंचने को भी प्रेरित करेंगे। कश्मीर से कन्याकुमारी तक कि उनकी यात्रा समाप्त होने तक निरंतर चलती रहेगी। सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में गौरव त्यागी ने बताया कि किसान पूरे देश में हैं और खाद्य सामग्री की समस्या भी व्याप्त हैं। बताया कि कश्मीर के किसान का सेव हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश की धान, गन्ना, गेंहू किसानों को परेशानी का समस्या करना पड़ता है। पिता किसान हैं इसलिए उन्हें हमेशा यह लगता था कि किसान को अपना सामान खुद लोगों तक पहुंचाना चाहिए। इसी के प्रति किसानों को जागरूक करने के साथ ही लोगों को इन उत्पादों का सेवन करने के लिए भी प्रेरित करने का मन बनाया।बताया कि यह यात्रा वाहन से भी पूरी हो जाती लेकिन इस लंबे सफर में लोगों से जुड़ाव नहीं बन पाता और यात्रा के जरिए जो संदेश पहुंचना चाहिए वह नहीं पहुंच पाता।

# देश में हिन्दुओं की घटती जनसंख्या चिंता का विषय: दिनेश



**कोसीकलां।** विहिप अंर्तराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश जी ने कहा कि कहा है कि जनसंख्या नियंत्रण के किसी भी उपाय पर विचार करते समय इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि देश में हिंदुओं का दबदबा बरकरार रहे। अगर परिवार में सिर्फ एक बच्चा है, तो हिंदुओं की आबादी खुद हिंदुओं द्वारा कम हो जाएगी।

दिनेशजी रविवार को राजमार्ग पर ठाकुर श्री बृजभूषण मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर के महंत मोनी बाबा से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उपघस्थितजनों से कहा कि उन्होंने कहा कि इसलिए हिंद. ुओं के बहुमत में बने रहने के लिए जो कुछ भी आवश्यक है वह किया जाना चाहिए। हिंदू समाज को यह सोचना चाहिए कि एक परिवार में कम से कम दो बच्चे होने चाहिए। उन्होने कहा कि जब संत समाज मिलता है तो देश धर्म और हिंदुत्व की बात होती है। हिन्दू को हिन्दू बनना चाहिए, जागरूक हिन्दू बने, स्वाभिमान हिन्दू बने, हिंदूवादी हिन्दू सक्रिय रूप से बने। आएसएस के 100 वर्ष पूरे होने जा रहे है। जिसके तहत संघ ने हिन्दू समाज को 100 वर्ष में स्वाभिमान के साथ खड़ा करने की दिशा में कार्य किया है। 2025 से 2026 तक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है। जिसमे संघ पांच बिंदु जैसे कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व बोध, नागरिक कर्तव्य पर लोगो को जागरूक करने का कार्य भी कर रहा है। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, कमलकिशोर वार्ष्णेय, सुभाष गोयल आदि ने स्वागत किया। हरिओम गुप्ता, भगवत रूहेला, रघुवर सिंह तोमर, अशोक जैन, डा.प्रकाश आर्य, राजेश अग्रवाल, शिवकांत चौधरी, महेश पाल, अन्नू वैद्य, धर्मवीर शर्मा आदि थे। संच. ालन आरोग्य भारती प्रांत प्रमुख चंद्रवर्धन अग्रवाल ने किया।

# पूर्व मंत्री आबिद रजा व चेयरमैन फात्मा रजा ने पंजाबी समाज सेवा समिति द्वारा बनाए गए शीतल जल प्याऊ का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।** शहर की पंजाबी समाज सेवा समिति के द्वारा रेलवे स्टेशन रोड पर एक ष्शीतल जल प्याऊष बनाया गया।



उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन फात्मा रजा रही अध्यक्षता सुशील धींगड़ा व पंजाबी समाज सेवा समिति अध्यक्ष विन्नी नारंग ने की। कई दिन पहले पंजाबी समिति के अध्यक्ष विन्नी नारंग अपने पदाधिकारीयों के साथ पूर्व मंत्री आबिद रजा से मिले, उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास पालिका की जगह पर जनहित में रूपिन्दर लाबा द्वारा अपने माता पिता की याद में एक ष्शीतल जल प्याऊ बनाने का अनुरोध किया था। पंजाबी समीति के अनुरोध पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने चेयरमैन फात्मा रजा से जनहित में पंजाबी समीति के अनुरोध पर सहमति का आग्रह किया जिसको चेयरमैन फात्मा रजा ने शहर की जनता के हित मे स्वीकार कर लिया। इसी परिपेक्ष मे आज पंजाबी समाज सेवा समीति के पदाधिकारी रूपन्दिर सिंह लांबा द्वारा बनाये गये शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन पूर्व मंत्री आबिद रजा व चेयरमैन फात्मा रजा ने विधिवत रूप से किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि पानी किसी भी इंसान की जिन्दगी में बहुत जरुरी है। जब मैं शहर का चेयरमैन था तब मैंने 12 ट्यूबवैल बनवाए थे तथा शहर मे लगभग 50 आर ओ लगवाए थे। आज फात्मा रजा के नेतत्व में भी शहर में 17 नए ट्यूबवैल बन रहें। पानी पर फात्मा रजा द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में फात्मा रजा ने कहा कि हम पंजाबी समीति के साथ खड़े हैं जो भी कार्य पालिका से सम्बधित कार्य पंजाबी समाज सेवा समीति द्वारा बताया जाएगा उसको तत्काल कराया जाएगा।

## कोतवाली क्षेत्र में ताले तोड़कर दुकान के अंदर घुसे चारे, लाखों की ज्वेलरी की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने ज्वेलरी रिफायनरी की दुकान पर धावा बोल दिया। चोर दुकान के ताले तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और लाखों रुपए की ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र की मास्टर्स कॉलोनी के रहने वाले सतीश मराठा की थाना कोतवाली क्षेत्र के कागजी बाजार में ज्वेलरी रिफाइनरी की दुकान है वह सोने की शुद्धता परखने का काम करते हैं वहीं उनकी दुकान की पड़ोस में रहने वाले एक शख्स ने उनकी दुकान के ताले टूटे देखे इसके बाद सतीश को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद सतीश मौके पर पहुंचे। हैरत की बात थी की दुकान के ताले टूटे हुए थे जबकि चोर चोरी की वारदात को अंजाम देकर दुकान में अपने ताले डाल गए इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने किसी तरह दुकान के लॉक खोले। वहीं तिजोरी का भी लॉक लगा हुआ था जहां शनिवार की दोपहर में फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया और किसी तरह तिजोरी को खोल पता चला की तिजोरी में रखी 750 ग्राम सोने की ज्वेलरी सहित 6 किलो चांदी गायब थी जिसकी कीमत तकरीबन 80 लाख बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने आसपास लगे कैमरा की द्वार कब्जे में ले ली है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं इस पूरे मामले में रविवार को एसपी सिटी ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए टीम में लगाई गई है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# निशा, मुस्कान व कुंडू ने जीता सोना

● **पुरुषों के फाइनल में राहुल कुंडू ने उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज को पछाड़ा, महिलाओं में निशा और मुस्कान जीती**





**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की युवा महिला मुक्केबाजों ने महाद्वीपीय मुक्केबाजी में अपनी बढ़ती प्रतिभा को दर्शाया, जब निशा (54 किग्रा) और मुस्कान (57 किग्रा) ने रविवार को बैंकॉक, थाईलैंड में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पांच अन्य ने रजत पदक जीते।

पुरुषों के फाइनल में, राहुल कुंडू (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के दिग्गज मुहम्मदजोन याकूपबोवेक पर विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके एक और स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत के पदकों की संख्या 14 हो गई, जिसमें तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा, अंडर-19 स्पर्धा में भाग ले रही 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर लौटेंगी। जिनमें दो स्वर्ण,पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। जो कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के साथ एक उभरती हुई शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को प्रदर्शित करेंगे। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है। प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक आदर्श मिश्रण है। निशा ने दिन के दूसरे मुकाबले में भारत के लिए स्वर्ण पदक का खाता खोला जब उन्होंने चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपना दबदबा बनाते हुए 4:1 से जीत दर्ज की। मुस्कान ने इसके बाद भारत के लिए लगातार दो पदक जीते। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया और अगले राउंड में कज़ाकिस्तान की अयाज़ान एर्मेक को 3:2 से हराकर स्प्लिट डिसीजन हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में, राहुल ने 75 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मुहम्मदजोन के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल करते हुए अपना आत्मविश्वास बरकरार रखा। भारत ने अंडर-22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें सोमवार को पांच मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। रविवार को स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली अन्य भारतीय महिलाओं में, विनी को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा मामातोवा से हार का सामना करना पड़ा, जबकि जापान की अलरदा अकिमोटो ने 65 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में निशा को 4:1 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को किया क्लीन स्वीप

● **सियाना जिंजर ने चार विकेट लेकर नाबाद 17 रन भी बनाए**



**मकाय, वार्ता।** सियाना जिंजर (नाबाद 17 रन/ 4 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसरे अनौपचारिक टी-20 मुकाबले मे इंडिया ए को चार रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर दिनेश वृंदा (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी उमा छेत्री भी मात्र तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गई। राघवी बिष्ट ने शेफाली वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। आठवें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रन बनाये। इसके बाद जीत की ओर बढ़ रही इंडिया ए को सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को स्टंप आउट कराकर चौथा झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 25 गेंदों मे दो चौकों की मदद से 25 रन बनाये। मिन्नू मनी 29 गेंदों में (30) के रनआउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली। इसके बाद इंडिया ए का कोई बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। कप्तान राधा यादव (नौ), तनुजा कंवर (एक) और सजीवन सजना (तीन) रन बनाकर आउट हुई। मिन्नू मनी के (30) का टीम के 116 के स्कोर पर पांचवें खिलाघी के रूप में रनआउट होना इंडिया ए के लिए घातक रहा और इसके साथ ही उसकी जीत की उम्मीद टूट गई। इंडिया ए टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम के लिए सियाना जिंजर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार विकेट लिये। लूसी हैमिल्टन और एमी एडगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिसा ऋथ तालिया की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। छठे ओवर में सजीवन ने एलिसा (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# बीसीबी ने मार्शल, वुड व हेमिंग को कोच नियुक्त किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है। बीसीबी की शनिवार को हुई बैठक के बाद एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है।

वुड तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह एक पावर-हिटिंग विशेषज्ञ हैं और हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट के साथ काम कर चुके हैं। मार्शल को एक साल के लिए बोर्ड के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का सलाहकार नियुक्त किया गया है। मार्शल पिछले साल सितंबर तक आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई के महाप्रबंधक थे। बीसीबी की मीडिया समिति के अध्यक्ष इफ्तिखार रहमान ने कहा कि बीसीबी ने बीपीएल के भ्रष्टाचार रोधी कार्यों की देखरेख के लिए आईसीसी की अखंडता इकाई को नियुक्त किया है। बीसीबी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई वर्तमान में 2024-25 सीजन के बीपीएल और ढाका प्रीमियर लीग में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। हाल ही में पीसीबी के मुख्य क्यूरेटर के पद से इस्तीफा देने वाले हेमिंग को भी बीसीबी ने बुलाया है।

# वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित-विराट!

● **देश के दोनों दिग्गज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेल सकते हैं करियर की आखिरी वनडे सीरीज**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। इस बीच खबर आ रही है कि दोनों अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर करियर की आखिरी वनडे सीरीज खेल सकते हैं यानी अब दोनों वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह सकते हैं।

इस विषय पर अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का बयान आया है। उन्होंने कहा कि, दोनों अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहिए। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी-20 के बाद वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं। अक्टूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन 2027 विश्व कप की रणनीति में



रोहित और विराट पर विचार नहीं कर रहा है। दोनों को वनडे टीम में बने रहने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है। सौरव गांगुली ने रोहित और विराट के वनडे से संन्यास पर कहा, श्मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।श उन्होंने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड इवेंट के दौरान कहा, श्यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकार्ड शानदार है, यहां तक कि रोहित शर्मा का भी। दोनों ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में अद्भुत हैं।श भारत का ऑस्ट्रेलिया का वनडे दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैच खेले जाएंगे।

2026 कैलेंडर में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली जानी है। दुबई में नौ सितम्बर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था। गांगुली ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितम्बर से एशिया कप खेलेंगे। भारत बहुत मजबूत है।

# न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर थैमसिन न्यूटन ने लिया संन्यास

● **थैमसिन अपनी टीम के लिए शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी और मध्यम गति की गेंदबाजी करती थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। न्यूटन ने 14 साल के अपने क्रिकेट करियर में न्यूजीलैंड के लिए 2015 से 2021 के बीच 10 एकदिवसीय और 15 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। वह 2016 टी-20 विश्व कप और 2017 एकदिवसीय विश्व कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं।

वह शीर्ष क्रम की बल्लेबाज और मध्यम गति की गेंदबाज़ी करती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में श्रीलंका के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और नौ रन देकर तीन विकेट झटके थे। उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए।

उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की और 2014 से 2018 तक कैंटरबरी में रहीं। 2023-24 सीजन से पहले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स में जाने से पहले, वह पांच साल के लिए फिर से वेलिंगटन लौटीं। वह चार बार हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड, घरेलू 50 ओवर की प्रतियोगिता के फाइनल में शामिल हुईं। न्यूटन ने आखिरी बार 2017 में एकदिवसीय मैच खेला था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मांडविया ने साइक्लिंग तिरंगा रैली का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज सुबह स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले आयोजित 35वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइक्लिंग कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साइकिल चलाई। यहां कार्यक्रम की शुरुआत जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में हुई। इस बार देश भर की 2-5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। ध्वजारोहण से पहले पंचायत के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने साइकिल चलाने के विविध लाभों पर प्रकाश डाला, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी लाभदायक हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य लाभ होता है, बल्कि यह प्रदूषण का समाधान भी है।

### हरियाणा और झारखंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा और झारखंड के बीच सोमवार को खिताबी भिड़ंत होगी। यहां खेले गए दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 3-0 से हराया। हरियाणा की कप्तान शशि काशा ने (आठवें) मिनट में गोलकर पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ कड़ी टक्कर दे रही थीं, लेकिन सुप्रिया ने (45वें और 47वें मिनट) आखिरी क्षणों में लगातार दो गोल करके गतिरोध तोड़ा। इसी के साथ हरियाणा ने टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। वहीं दिन के दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने यूपी ने (13वें मिनट) पहले क्वार्टर में पहला गोल किया।

# रमेश ने पदक जीत रचा इतिहास

● **एशियाई सर्फिंग में भारत को दिलाया पहला पदक**

**चेन्नई, वार्ता।** महाबलीपुरम में एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का समापन हो गया। रमेश बुदिहाल ने आज इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के समापन के साथ ही कोरिया के कनोआ हीजे और जापान के अनरी मात्सुनो को पुरुष और महिला वर्ग का चैंपियन घोषित किया गया। महा. बलीपुरम की विश्वस्तरीय लहरों पर अंतिम दिन की प्रतिस्पर्धा ने रोमांचक फाइनल, राष्ट्रीय गौरव और ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए मंच तैयार किया। पहली बार, किसी भारतीय सर्फर ने महाद्वीपीय स्तर पर पदक जीता है। रमेश बुदिहाल ने ओपन पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता, जो भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय सर्फिंग के लिए यह एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है जब किसी एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर तिरंगा लहराया है, और एक भारतीय सर्फर ने कांस्य पदक जीता है, जो किसी ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण वासु ने कहा कि रमेश की उपलब्धि साबित करती है कि भारत एशियाई सर्फिंग के नक्शे पर आ गया है, और यह अनगिनत युवा सर्फर्स को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। इस दिन ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के फाइनल मुकाबले हुए, जिसमें एशिया के सर्वश्रेष्ठ सर्फर पोडियम पर जगह बनाने के लिए चार-व्यक्ति हीट में भिड़े। इन प्रदर्शनों ने इस वर्ष की चैंपियनशिप को परिभाषित करने वाले कौशल, लचीलेपन और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर किया। महाबलीपुरम के दाहिने हाथ के पॉइंट ब्रेक ने ओपन पुरुष वर्ग के फाइनल में बेहतरीन स्थिति प्रदान की, जहां कनोआ हीजे (कोरिया) ने आक्रामक रेलवर्क, सटीक टाइमिंग और 15-17 के हीट-विजेता स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, और इंडोनेशिया के पजार एरियाना को केवल 0-6 अंकों से पीछे छोड़ दिया। रमेश बुदिहाल 12-60-मेगा आर्टाना को पछाड़ने और भारत के लिए पहला महाद्वीपीय सर्फिंग पदक हासिल करने के लिए स्मार्ट पोज़िशनिंग के साथ स्वच्छ, नियंत्रित टर्न का संयोजन किया। रमेश बुदिहाल के लिए, कांस्य पदक केवल पोडियम फिनिश से कहीं अधिक है-यह भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय के रूप में, रमेश की उपलब्धि भारत में इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

# रायपुर डब्बा अकादमी के पहलवान चैंपियनशिप में पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे

**फगवाड़ा, वार्ता।** रायपुर डब्बा ओलंपिक कुश्ती अकादमी, फगवाड़ा के चार पहलवानों ने आगामी राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए पंजाब कुश्ती टीम में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 से 24 अगस्त तक झारखंड के रांची में आयोजित की जाएगी। अकादमी के निदेशक एवं पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती कोच प्यारा राम सोंधी ने आज यहां बताया कि अकादमी के चयनित पहलवानों में 70 किग्रा वर्ग में सूरज कुमार, 79 किग्रा वर्ग में विशाल कुमार, 92 किग्रा वर्ग में परमिंदर सैनी और 130 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में जस्टिन शामिल हैं। इन चारों ने हाल की प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहचान बन चुके अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया है।

# वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत

**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए। वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी



● **डेविड वार्नर पारी की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में आ गए थे लेकिन विलियमसन लड़खड़ा गए**

स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया। इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थर्ड मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई। लगातार दूसरे मैच में मध्यक्रम लड़खड़ा गया, जब लंदन स्पिरिट ने ल्यूक वेल्स, टॉम एबेल और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे बल्लेबाजों को आउट कर वेल्श फायर का स्कोर 39/5 कर दिया। कुछ ही गेंदों में स्कोर 55/6 हो गया, क्योंकि मैच का नतीजा साफ दिख रहा था। हालांकि, यह अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी कि वे केवल 8 रनों से हार गए, क्योंकि एक छोर पर उनके साथी खिलाड़ी कम पड़ रहे थे।

# नए फिटनेस टेस्ट में कई बांग्लादेशी क्रिकेटर मानकों पर नहीं उतरे खरे

● **मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे नाहिद ने प्रभावित किया**

**ढाका, वार्ता।** कई बांग्लादेशी क्रिकेटर नए फिटनेस टेस्ट में मानकों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे जबकि नाहिद राणा ने फिटनेस ट्रेनिंग में प्रभावित किया, लेकिन रविवार को नेशनल स्टेडियम में 1600 मीटर दौड़ में कुछ अन्य क्रिकेटर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए।

इससे पहले, खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी यो-यो या बीप टेस्ट के जरिए की जाती थी। हालाँकि, नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का विकल्प चुना है। पता चला है कि तेज गेंदबाज़ मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में लगभग आठ मिनट लगे। दूसरी ओर, से राणा फिटनेस टेस्ट में भाग लेने वाले 22 क्रिकेटरों में सर्वश्रेष्ठ रहे, जिन्होंने 1600 मीटर की दौड़ केवल 5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की। टीम प्रबंधन के एक सदस्य ने रविवार को बताया कि राणा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# अंग्रेजों को घर में भारी पड़े भारतीय बल्लेबाज

● **शुभमन गिल ने महज 10 प्रतिशत गलत शाट्स खेले**
● **बुमराह व सिराज ने अंग्रेजो को ज्यादा परेशान किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी (एटीटी) के नतीजों को भारत ने किसी तरह 1-3 की हार से 2-2 के ड्रा में बदल लिया, लेकिन पूरी सीरीज में इंडियन प्लेयर्स ही इंग्लिश खिलाड़ियों पर हावी दिखे। सीरीज के 5 टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के बैटर्स से बेहतर कंट्रोल दिखाया।

एक रिपोर्ट अनुसार, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने तो दोनों टीमों में सबसे कम 10 प्रतिशत ही गलत शाट्स खेले, जिनमें गेंद उनके बैट से मिडिल नहीं हुई। टॉप-4 बैटिंग कंट्रोल वाले प्लेयर्स में चारों भारतीय रहे। इतना ही नहीं, गेंदबाजों में भी भारत के ही मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के टॉप-5 बैटर्स को सबसे ज्यादा परेशान किया। उनके सामने बल्लेबाजों ने 25.1 प्रतिशत गलत शाट्स खेले। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में दोनों टीमों ने जिस तरह की फाइट



दिखाई, उसे 2-2 की स्कोरलाइन से बेहतर और किसी तरह नहीं समझाया जा सकता। हालांकि, आंकड़ों में फिर भी टीम इंडिया आगे रही। इंग्लैंड से 9 के मुकाबले भारतीय बैटर्स ने 12 शतक लगाए। इंडियन प्लेयर्स का बैटिंग औसत भी इंग्लैंड के 37.57 के मुकाबले 39.77 का रहा। यहां तक कि सीरीज के टॉप-6 रन स्कोरर में 4 बैटर्स भारत के रहे। बल्लेबाज किसी गेंद को बैट से मिडिल करता है या पूरी तरह छोड़ देता है तो यह 100 प्रतिशत कंट्रोल में आता है।

वहीं, गेंद अगर बैट के किनारे से लगती है या बल्लेबाज को चकमा देकर चली जाती है, तो उसे 0 प्रतिशत कंट्रोल में काउंट करते हैं। दोनों के औसत से ही किसी बल्लेबाज या गेंदबाज का कंट्रोल प्रतिशत निक. ालते हैं। बैटिंग कंट्रोल के पैरामीटर में भी भारतीय बैटर्स आगे रहे। इंग्लैंड ने 78.2 प्रतिशत कंट्रोल दिखाया, वहीं भारत ने 84.6 प्रतिशत कंट्रोल में शाट्स खेले। यानी भारतीय बैटर्स ने सीरीज में इंग्लैंड के 21.8 प्रतिशत के मुकाबले 15.4 प्रतिशत ही गलतियां कीं। हालांकि, इंग्लैंड पिछले 3 साल से अटैकिंग बैटिंग कर रहा है, इस कारण भी उनके बैटर्स ज्यादा गलतियां कर रहे हैं। इससे विकेट के चांस तो बनते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि विकेट भी गिरे ही। कई बार बैट का बाहरी किनारा लगने के बाद भी गेंद स्लिप फील्डर तक नहीं पहुंचती। इस कंडीशन में बल्लेबाज गलत शाट के बावजूद आउट होने से बच जाता है। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले इंग्लैंड ने बैजबाल अप्रोच में घरेलू कंडीशन में 20 टेस्ट खेले।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया

**डार्विन, वार्ता।** टिम डेविड (83) और कैमरून ग्रीन (35) की आतिशी पारियों के बाद जॉश हेजलवुड और बेन ड्वारशिवस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं और उसने पहले ही ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने विकेटकीपर कैमरून ग्रीन के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लुआन-द्रे प्रेटोरियस को ग्लेन मैक्सवेल ने ओवेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

# साख का सवाल

वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़े को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच छिड़ा सीधा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। संसद में तो हंगामा बरपा ही है साथ ही यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के द्वार भी पहुंच गया। रविवार को और विस्तार देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक फोन नंबर जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जनसमर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी ने कहा है कि वोट चोरी एक व्यक्ति एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है और उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह पारदर्शिता दिखाए और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सके। राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के सोमवार को प्रदर्शन की बात भी कही। यह प्रदर्शन संसद से चुनाव आयोग तक किया जाएगा। कांग्रेस का यह भी कहना है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैकड़ों लोगों के नाम चढ़ाकर लोकतंत्र को तबाह कर रहा है।

कांग्रेस ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय में चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि वह बिहार में जो 65 लाख लोगों के नाम छूट गए हैं उनके विषय में कोई जानकारी नहीं देगा। चुनाव आयोग के अनुसार ऐसा कोई नियम नहीं जिसके तहत नाम काटने का कारण बताया जाए या ऐसी जानकारी दी जाए। कांग्रेस का कहना है कि इससे साफ है कि चुनाव आयोग पूरी तरह से अपनी मनमर्जी चला रहा है और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर धांधली छुपाने के लिए सारी हदें पार कर रहा है। अब इसमें कौन सही है कौन गलत, यह बात अपनी जगह, लेकिन ऊपरी सतह पर देखने में आ रहा है कि किसी की भी दिलचस्पी इस बात में दिखाई नहीं दे रही है, इस मामले की पूरी तरह निष्पक्ष जांच हो। चुनाव आयोग यह मानने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है कि वोटर लिस्ट में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है, जबकि राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ वोटर लिस्ट के संबंध में अपनी बातों को रखा है और साबित किया है कि वोटर लिस्ट में काफी गड़बड़ है। अभी जो बिहार में वोटर लिस्ट का काम चल रहा है उसके माध्यम से भी बताया गया है कि नई वोटर लिस्ट में मुजफ्फरपुर के एक मकान में 269 वोटरों नाम अंकित हैं। इसी तरह जमूई के एक मकान में 247 वोटरों के नाम हैं। कांग्रेस का मानना है कि यह सरासर वोट चोरी है, जिसका खेल अब सामने आ चुका है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक से भी इस तरह की खबरें मिली हैं, जहां एक कमरे के पते के नाम पर 80-90 वोट बनी हैं। चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी जिम्मेदारी ऐसे हालात में सबसे ज्यादा है, क्योंकि इससे पूरी चुनाव प्रक्रिया ही दांव पर लग गई है। किसी भी मामले में साख बेहद अहम हिस्सा होती है और चुनाव आयोग की साख इस समय बेहद निचले स्तर पर पहुंच गई है।

## विकास की रफ्तार से खुश नहीं कुछ लोग



कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा, सबके बॉस तो हम हैं, भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है, कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे, यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती, अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं, यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**




# खतरे में सरकार की साख



तनवीर जाफरी

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहां होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिए चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं।

उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्राय: कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुए जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुए हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी व राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद EVM की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में EVM से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी EVM बदलने के तो कभी EVM चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालांकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु EVM का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनेक बार EVM विरोधी प्रदर्शन भी हुए। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर EVM के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग EVM पर ही विश्वास जताते रहे परन्तु अब मामला EVM की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी,डुप्लिकेट मतदाता, साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभाव, असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवा. निवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध करार दिया और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छह महीने की कड़ी मशक्कत के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।

दरअसल राहुल गांधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक कागजों के विशाल बंडल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन कागजात में से केवल 4 किलो कागज का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन कागजात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गई तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुंच गए कि जब 4 किलो कागजात फर्जी हैं तो शेष सैकड़ों किलो कागजात भी फर्जी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है? यही वजह है कि अब राहुल गांधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिए मशीन रिडेबल डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी। आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग का काला चिट्ठा खोला गया है। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप निराधार, शर्मनाक और लोकतंत्र का अपमान हैं और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं। उन्होंने कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया। याद कीजिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिए गए थे। किसने कटवाए थे यह नाम? क्यों काटे गए? ऐसी अनियमिताओं की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है? किसके इशारे पर होता है यह काम? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ साजिश नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पांच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गए कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद अनजान मतदाताओं की बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आए थे ये मतदाता? राहुल से हलफनामा मांगने जैसी बातें करना तो उनके संगीन आरोपों से मुंह छुपाने का बहाना मात्र प्रतीत होती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**जलवायु परिवर्तन ने हिमालई क्षेत्र में आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ा दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार, 1988 से 2023 तक उत्तराखंड में 12,319 भूस्खलन हुए, जिनमें से 1,100 अकेले 2023 में दर्ज किए गए। ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और ग्लेशियल झीलों का विस्तार ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड का खतरा बढ़ा रहा है। उत्तरकाशी की हालिया बाढ़ में भी विशेषज्ञों ने जीएलओएफ की संभावना जताई है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भारी बारिश की घटनाएं अधिक आम हो रही हैं।**

# उत्तरकाशी त्रासदी: मात्र एक चेतावनी



विनीत नारायण

भारत के पहाड़ी क्षेत्र, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, प्राकृतिक सौंदर्य और जैव-विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि गंगा, यमुना और अन्य प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल भी हैं, जो देश की जीवनरेखा हैं।

हालांकि, हाल के वर्षों में इन क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता ने गंभीर चिंता पैदा की है। उत्तरकाशी में हाल ही में भीषण बाढ़ और मलबे के प्रवाह ने एक बार फिर से यह सवाल उठाया है कि क्या हम अपने पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ तो नहीं कर रहे हैं? यह आपदा, जो भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, न केवल प्राकृतिक कारणों से बल्कि अवसंरचना परियोजनाओं के कुप्रबंधन और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण और भी विनाशकारी बन गई। यह समय है कि हम इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और तत्काल कार्रवाई करें।

5 अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में एक बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई। खीर गंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हुई इस घटना ने गांव के घरों, होटलों, दुकानों और सड़कों को तहस-नहस कर दिया।चार लोगों की मौत हो गई और 50 से 100 लोग लापता हो गए। यह आपदा भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, जो 2012 में गंगा नदी की पारिस्थितिकी और जलस्रोतों की सुरक्षा के लिए अधिसूचित किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र में अनियंत्रित निर्माण कार्य, जैसे कि नदी के बाढ़ क्षेत्रों पर होटल और हेलीपैड का निर्माण, ने इस आपदा को और अधिक गंभीर बना दिया।

उत्तरकाशी की यह घटना कोई अपवाद नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बार-बार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। 2013 की केदारनाथ बाढ़, जिसमें 5,700 से अधिक लोग मारे गए थे और 2021 की चमोली बाढ़, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए या लापता हो गए, ऐसी त्रासदियों के उदाहरण हैं। इन आपदाओं का एक प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन है, जो हिमालई क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने और बादल फटने की घटनाओं को बढ़ा रहा है। लेकिन इसके साथ-साथ मानवीय गति. विधियां, विशेष रूप से अवसंरचना परियोजनाओं का गलत प्रबंधन, इन आपदाओं की तीव्रता को और बढ़ा रहा है।


हिमालई क्षेत्र की भूवैज्ञानिक संरचना अत्यंत नाजुक है। यह क्षेत्र टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण भूकंपीय रूप से सक्रिय और भूस्खलन के लिए अतिसंवेदनशील है। फिर भी, चारधाम परियोजना जैसे बड़े पैमाने की सड़क निर्माण परियोजनाएं, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स और अनियंत्रित पर्यटन ने इस क्षेत्र की स्थिरता को और कमजोर किया है। उत्तरकाशी में चारधाम परियोजना के तहत धरासू-गंगोत्री खंड का चौड़ीकरण और हिना-टेखला के बीच प्रस्तावित बायपास, जिसमें 6,000 देवदार के पेड़ों को काटने की योजना है, पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है।

चारधाम परियोजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई कानूनी चुनौतियां सामने आई हैं, क्योंकि यह परियोजना पर्यावरणीय खतरों को बढ़ा रही है। विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पहाड़ों की कटाई, वनों की अंधाधुंध कटाई और नदी के किनारों पर निर्माण कार्य इस क्षेत्र को और अधिक अस्थिर बना रहे हैं। 2023 में सिल्क्यारा सुरंग प्रकरण ने भी यही दिखाया कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के बिना परियोजनाओं को मंजूरी देना कितना खतरनाक हो सकता है।

इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में शिमला के शोघी-धल्ली राजमार्ग परियोजना के लिए पहाड़ों की कटाई ने भूस्खलन के खतरे को बढ़ा दिया है। शिमला, जो कभी 30,000 लोगों के लिए बनाया गया था, अब 300,000 लोगों और लाखों पर्यटकों का बोझ सह रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अकेली सांझ, बदलते दौर में वृद्ध जीवन का एकाकीपन





वीरेश तरार

हमारे समाज में पीढ़ियों से सुनाई देने वाली कहावत धीयन ले गयो जमाई, बहुएं ले गई पूत, कहें कबीर सुनो भई साधौ, हम तो रह गए उत के उत, कभी हंसी-ठिठोली में कही जाती थी, लेकिन आज यह कई घरों की कड़वी सच्चाई बन गई है। पहले संयुक्त परिवार में रिटायरमेंट के बाद के दिन बच्चों की चहल-पहल, पोते-पोतियों की हंसी और पूरे घर की गर्माहट में गुजरते थे, लेकिन अब आर्थिक जरूरतों, रोजगार के केंद्रीकरण और जीवनशैली में बदलाव के कारण बेटा-बेटी अक्सर विदेश या बड़े शहरों में बस जाते हैं।

नतीजा यह है कि घर में रह जाते हैं केवल वृद्ध माता-पिता और उनके जीवन का संध्या काल जो एक खामोश और अक्सर उदास एकांत में कटने लगता है। यह अकेलापन सिर्फ शारीरिक नहीं, भावनात्मक और मानसिक दूरी का भी प्रतीक है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत में साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या अब 15 करोड़ से अधिक है और इनमें से लगभग 60 प्रतिशत ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में रहते हैं। 2011 की जनगणना में लगभग 35 प्रतिशत वृद्ध ऐसे पाए गए जो या तो अकेले रहते थे या केवल अपने जीवनसाथी के साथ। 2024 में एजवेल रिसर्च एंड एडवोकेसी सेंटर की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हर तीन में से एक वृद्ध को सप्ताह में एक बार से भी कम पारिवारिक संपर्क मिलता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या थोड़ी बेहतर है, लेकिन वहां भी आर्थिक और सामाजिक दूरी बढ़ रही है। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक एवं भावनात्मक स्थिति पर राष्ट्रीय सर्वेक्षणों ने चिंता के संकेत दिखाए हैं। दीर्घकालिक वृद्धावस्था अध्ययन (लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया) 2021 के अनुसार, 32 प्रतिशत वृद्धजन निम्न जीवन-संतुष्टि की शिकायत करते हैं और 70 प्रतिशत रोजमर्रा की गतिविधियों में दूसरों पर निर्भर हैं, जबकि 78 प्रतिशत के पास कोई पेंशन सुरक्षा नहीं है। इसी संदर्भ में एक हालिया सामाजिक रिपोर्ट बताती है कि भारत में लगभग 34 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक सामाजिक अलगाव का अनुभव करते हैं और 55 प्रतिशत बुजुर्ग व्यक्ति अक्सर अकेलापन महसूस करते हैं। यह आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि अकेलापन केवल भावनात्मक पहलू नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और स्वास्थ्य-संबंधी चुनौती बन चुका है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में सकारात्मक पहलें भी हो रही हैं, जो उदाहरणीय हैं। जैसे कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस और देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया गया, जहां योग, स्वास्थ्य परामर्श, पुस्तकालय और क्रीड़ा जैसी सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं, यह भारत में राज्य स्मार्ट सिटी पहल के अंतर्गत पहला केंद्र है। साथ ही, लखनऊ में एक संस्था आस्था होस्पिस एवं जेरियाट्रिक केयर सेंटर वृद्धों को नि:शुल्क चिकित्सा, वृद्ध-आश्रय और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे फैशन शो व गिविंग सैटरडे सम्मान अभियान जैसी पहलें प्रदान करती है, जो स्थानीय स्तर पर सामाजिक सहभागिता और गरिमा को बनाए रखने में सहायक हैं। कुछ और भी सकारात्मक उदाहरण हैं , केरल के त्रिशूर जिले में स्कूलों ने ग्रैंडपैरेंट्स इन क्लासरूम नामक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक, सैनिक, किसान और कारीगर सप्ताह में एक दिन बच्चों को अपने अनुभव और कौशल सिखाते हैं। इससे न केवल बुजुर्गों का आत्मसम्मान बढ़ता है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कृति, मेहनत और संघर्ष की वास्तविक कहानियों से परिचय होता है। तकनीक के क्षेत्र में भी समाधान की संभावनाएं हैं।

आज स्मार्ट डिवाइस, वॉयस असिस्टेंट, दरवाजे पर सेंसर-घंटी, और नेबर अलर्ट सिस्टम जैसे उपकरण कम खर्च में उपलब्ध हैं। बेंगलुरु में एक स्टार्टअप ने ऐसे वॉयस-एक्टिवेटेड सिस्टम बनाए हैं, जो गिरने या जोर से पुकारने की स्थिति में पड़ोसियों और परिजनों को तुरंत अलर्ट भेज देते हैं। दिल्ली के कुछ इलाकों में आरडब्ल्यूए ने मोहल्ला सुरक्षा योजना के तहत बुजुर्गों के घरों में हेल्थ अलार्म बटन और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाए हैं, जिससे आपात स्थिति में मदद जल्दी पहुंचाई जा सके। यह भी सच है कि सभी समाधान सिर्फ सरकार या संस्थाओं से नहीं आएंगे। पड़ोसी और स्थानीय समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर मोहल्ले में महीने में एक बार वृद्ध मिलन दिवस मनाया जाए, जिसमें स्वास्थ्य जांच, योग सत्र, हंसी थेरेपी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हों, तो न केवल बुजुर्गों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी मजबूत होगा। लखनऊ के एक पार्क में सुबह-सवेरे ऐसे ही संगीत-संवाद सत्र होते हैं, जहां बुजुर्ग मिलकर पुराने गीत गाते हैं और दिनभर के लिए सकारात्मक ऊर्जा लेकर घर लौटते हैं। मुद्दा सिर्फ अकेलेपन का नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का भी है। अगर यह पीढ़ी अपने अनुभव, लोककथाएं, जीवन-संघर्ष की कहानियां और नैतिक धरोहर अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंचा पाई, तो पांच-दस साल बाद हमारे पास एक ऐसा समाज होगा जो अपनी जड़ों से कटा हुआ होगा। एक ऐसा भारत, जहां केवल आधुनिकता होगी, पर अतीत से जुड़ी संवेदनाएं और विरासत का भाव नहीं होगा। यह खतरा केवल सामाजिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक भी है।

इस पूरे प्रयास का सार यही है कि हम एक ऐसे समाज की ओर लौटें, जहां बुजुर्ग बोझ नहीं, बल्कि समाज की धरोहर समझे जाएं। यदि हम उन्हें केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामा. जिक रूप से भी संबल दें, तो वे अपनी सांस्कृतिक विरासत, अनुभव और मानवीय संवेदनाओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं अन्यथा, आने वाले वर्षों में हम एक ऐसे भारत का सामना करेंगे जहां भावनाओं और रिश्तों का मूल्य कम हो जाएगा और यह हमारी सबसे बड़ी सांस्कृतिक हानि होगी। इसलिए समय है कि हम इसे केवल समस्या मानकर न छोड़ें, बल्कि समाधान की दिशा में ठोस और सामूहिक कदम उठाएं यही हमारे देश और समाज के भविष्य की रक्षा का सबसे सशक्त उपाय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा पर कब्जे के खिलाफ तुर्की लामबंद

## इजरायल के फैसले की निंदा की और कहा: सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए

**अंकारा/वाशिंगटन।** गाजा पर कब्जा करने की इजरायल की योजना के खिलाफ तुर्की उतर आया है। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने इजरायल के फैसले कर निंदा करते हुए कहा कि सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। साथ ही इजरायल की योजना का वैश्विक स्तर पर विरोध किया जाना चाहिए। मिस्र ने भी इजरायल के फैसले की निंदा की।

हालांकि इजरायल ने गाजा में कब्जे की योजना से इनकार किया है। मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती से मुलाकात के बाद तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने कहा कि यह इजरायल की नरसंहारकारी और विस्तारवादी नीतियों का एक नया दौर है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर उपाय करने की जरूरत है। इसलिए हमने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) को आपातकालीन बैठक के लिए बुलाया है। फिदान ने कहा कि इजरायल की नीति का उद्देश्य फलस्तीनियों को भुखमरी के जरिये उनकी जमीन से बाहर निकालना है।

साथ ही गाजा पर स्थाई रूप से हमला करना है। फिदान ने कहा कि मुस्लिम देशों के पास इजरायल का समर्थन करने का कोई बहाना नहीं है। वहीं मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती ने कहा कि यह भी बेहद खतरनाक है। यह न केवल फलस्तीनियों के लिए खतरा है बल्कि पड़ोसी देशों के लिए भी खतरनाक है। इजरायल की योजनाएं अस्वीकार्य हैं। गाजा पर तुर्की के साथ पूर्ण समन्वय है।



■ इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा पर कब्जे की योजना का राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया समर्थन
■ इजरायली योजना का भारी विरोध भी हो रहा, कई सहयोगी देशों ने भी इसकी कड़ी आलोचना की है
■ फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी इजरायल के गाजा पर कब्जे के प्लान का विरोध किया

### नेतन्याहू के फैसले का विरोध, इजरायल की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की इजरायलके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने गाजा शहर पर कंट्रोल करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इजरायलकी इस योजना की दुनिया भर के संगठनों निंदा की है, अब इजरायल में ही इसको लेकर विरोध शुरू हो गया है। तेल अवीव और इजरायल के विभिन्न शहरों में हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी एकत्रित हुए और उन्होंने गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए इजरायलकी ओर से नियोजित अभियान शुरू करने से पहले बंधक समझौते और युद्ध विराम समझौते की मांग की। बंधकों के परिवारों ने इस योजना के विरोध में आम हड़ताल का आह्वान किया है और चेतावनी दी कि यह उनके प्रियजनों के लिए मौत की घंटी होगी। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि पूर्ण सैन्य कब्जे से गाजा में बंदी बनाए गए फलस्तीनी नागरिकों और इजराइली बंधकों के लिए 'विनाशकारी परिणाम' हो सकते हैं। इजरायलमें ब्रिटेन के राजदूत ने कहा है कि यह 'एक बहुत बड़ी भूल' होगी।

उन्होंने ओआईसी मंत्रिस्तरीय समिति के इजरायल की योजना की निंदा के बारे में जानकारी दी। ओआईसी समिति ने कहा कि इजरायल की योजना एक खतरनाक और अस्वीकार्य वृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और अवैध कब्जे को मजबूत करने का प्रयास है। यह शांति के किसी भी अवसर को नष्ट कर देगा। ओआईसी ने वैश्विक शक्तियों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा है कि वे अपनी कानूनी और मानवीय जिम्मेदारियों को समझें। इजरायल की गाजा पर कब्जे की योजना को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए तत्काल जवाबदेही सुनिश्चित करें। हाल ही में इजरायली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कैबिनेट ने पांच सिद्धांतों को अपनाया है। इसमें हमास का निरस्त्रीकरण, शेष बचे सभी 50 बंधकों की वापसी, गाजा पट्टी का विसैन्ईकरण, गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षा नियंत्रण और एक वैकल्पि वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे की योजना का समर्थन किया है। हालांकि इजरायल की इस योजना की आलोचना भी हो रही है।

यही वजह है कि ट्रम्प ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह इजरायल की योजना है न कि अमेरिका की। अमेरिका के एक मीडिया संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए समर्पित रहने की बात कही, लेकिन इजरायल के गाजा में ऑपरेशन की आलोचना भी नहीं की। हाल ही में अपने एक बयान में ट्रम्प ने इजरायल के गाजा प्लान पर कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कह सकता, ये इजरायल पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि गाजा पर कब्जे की इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजना को इजरायल सरकार की सुरक्षा परिषद भी मंजूरी दे चुकी है। हालांकि इजरायल की इस योजना का भारी विरोध भी हो रहा है। इजरायल के कई सहयोगी देशों ने भी इसकी आलोचना की है।



अहमदाबाद। स्वतंत्रता दिवस से पहले हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते लोग।

# अमेरिका ने अफगान के विदेश मंत्री का इस्लामाबाद दौरा रोका

■ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी हैसियत का अहसास कराया है और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोक दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा तालिबान के नेताओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में छूट को मंजूरी देने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को अपनी पाकिस्तान यात्रा टालनी पड़ी। इसके साथ ही अमेरिका ने दिखा दिया है कि भले ही वह दुनिया की दिखाए कि पाकिस्तान उसका सहयोगी देश है, लेकिन असल में अमेरिका, पाकिस्तान पर अपनी दादागिरी चलाता है और उसकी विदेश नीति को नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था। यह दौरा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत हो रहा था। इससे पहले पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार काबुल दौरे पर गए थे। इशाक डार के पाकिस्तान दौरे की व्यवस्था चीन ने की थी, उस दौरे पर ही अफगानिस्तानी विदेश मंत्री के पाकिस्तान दौरे पर सहमति बनी थी, लेकिन पाकिस्तान और चीन की इस पूरी कवायद पर अमेरिका ने पानी फेर दिया।

# यूक्रेन का बंटवारा नहीं होने देंगे: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है।

जेलेंस्की ने कहा हम इस दूसरे बंटवारे की कोशिश को नाकाम करेंगे। हम रूस को जानते हैं। जहां दूसरा बंटवारा होगा, वहां तीसरा भी होगा। इसलिए हम अपनी पोजिशन पर डटे हैं। युद्ध का अंत शांति और मजबूत सुरक्षा ढांचे के साथ होना चाहिए। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करन पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 26 अप्रैल को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में वेटिकन मुलाकात की थी। रायटर्स के मुताबिक ट्रम्प इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय बातचीत भी करना चाहते हैं। वे इस बातचीत में पुतिन को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच आखिरी मुलाकात जून 2021 में हुई थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। 4 साल बाद होने जा रही इस मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को बताया था, रूस ने ट्रम्प से मुलाकात की इच्छा जताई है। ट्रम्प पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने को तैयार हैं।



■ कहा: जंग खत्म करने के बदले जमीन नहीं देंगे ट्रम्प ने कहा था: अदला-बदली करनी होगी

# काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा ईरान

## कहा: तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा

■ अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते के पीछे ट्रम्प कर रहे थे खेला

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि वह अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में हुए शांति समझौते के तहत काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा।

इस समझौते को क्षेत्र के अन्य देशों ने स्थाई शांति लाने वाला बताया है, लेकिन ये ईरान के लिए एक बड़ी चिंता है। ईरान के सर्वोच्च नेता के एक शीर्ष सलाहकार अली अकबर वेलयाती ने कहा कि तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा। इस पहल में शामिल आर्मेनिया का ईरान के साथ एक रणनीतिक गठबंधन भी है, लेकिन ट्रम्प की ओर से कराए गए सीजफायर के बाद इस दूरी आ सकती है। अमेरिका और तुर्की काकेशस क्षेत्र में लंबे समय से एक ट्रेड कॉरिडोर बनाना चाहते हैं। जिसके जरिए वह ईरान को बाइपास कर सकते हैं। वेलायती ने शांति समझौते में शामिल परिवहन गलियारे का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह मार्ग ट्रम्प के भाड़े के सैनिकों के लिए प्रवेश द्वार नहीं बनेगा, यह उनका कब्रिस्तान बन जाएगा।

उन्होंने इस योजना को आर्मेनिया की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने के मकसद से एक 'राजनीतिक विश्वासघात' बताया है। व्हाइट हाउस में हुए अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते की शर्तों में आर्मेनिया से होकर गुजरने वाले एक मार्ग के लिए खास अमेरिकी विकास अधिकार शामिल हैं जो अजरबैजान को नखचिवन से जोड़ेगा, जो एक अजरबैजानी परिक्षेत्र है और बाकू के सहयोगी तुर्की की सीमा से लगा हुआ है। यह स्वायत्त गणराज्य ट्रांस-काकेशियन पठार पर स्थित है। नखचिवन चारों तरफ से अर्मेनिया, ईरान और तुर्की के बीच फंसा है। ईरान ट्रांस-काकेशियन में प्रस्तावित ज़ंगेज़ुर कॉरिडोर के खिलाफ इसलिए हैं, क्योंकि यह उसकी भू-राजनीतिक, रणनीतिक, और आर्थिक हितों के लिए खतरा पैदा करता है। इसके बनने से उसका सीध आर्मेनिया से संपर्क टूट सकता है, जो उसका महत्वपूर्ण सहयोगी है। यह ईरान की क्षेत्रीय पहुंच को कमजोर करेगा। साथ ही हाल के समय में अजरबैजान और नखचिवान के बीच व्यापार और आवागमन के लिए ईरान का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मार्ग है। कॉरिडोर बनने से यह रास्ता बाइपास हो जाएगा, जिससे ईरान का दक्षिणी काकेशस में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव कम हो जाएगा। ईरान को डर ये भी है कि यह कॉरिडोर अमेरिका और नाटो की सैन्य मौजूदगी को उसकी उत्तरी सीमाओं तक बढ़ा सकता है, जिसे वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है।

# चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को 20 साल की कैद

**एन दजामेना।** चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को शनिवार को राजधानी एन' दजामेना की एक आपराधिक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। चाड की आपराधिक अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार मसरा को जनता को घृणा और शत्रुता के लिए उकसाने का दोषी पाया गया। उनके के वकीलों ने इस फैसले को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे। मसरा को मई में सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था, जिसके कारण दक्षिण-पश्चिमी प्रांत लोगोन ऑक्सिडेंटल के मंडाकाओ गांव में हुई झड़पों में 42 लोग मारे गए थे।


# बलूचिस्तान में 47 उग्रवादी किए ढेर

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में किया उग्रवादियों का सफाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान सीमा के पास बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिनों में कम से कम 47 उग्रवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) ने शनिवार (9 अगस्त) को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने 7-8 अगस्त की दरमियानी रात झोब जिले के संबाजा क्षेत्र में अभियान चलाकर 33 उग्रवादियों को मार गिराया।

इसके अलावा आईएसपीआर ने बयान में कहा कि 8-9 अगस्त की रात अफगानिस्तान सीमा से लगे संबाजा के आसपास के क्षेत्रों में एक अन्य अभियान में 14 उग्रवादी मारे गए। इस दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात सुरक्षा कारणों से मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं आगामी 31 अगस्त तक निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि बलूचिस्तान सरकार के अनुरोध पर मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। बलूचिस्तान के गृह विभाग ने बीते 6 अगस्त को जारी एक अधिसूचना में कहा था कि प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। सरकार के प्रवक्ता शाहिंद रिंद ने इसकी पुष्टि की थी। दरअसल पाकिस्तान 14 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है।

ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आतंकवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आजादी के जश्न को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं। जिसकी वजह से प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। बीते गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए बम विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 13 अन्य घायल हो गए थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जिला पुलिस अधिकारी ताहिर शाह के मुताबिक कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले की वाना तहसील में एक टैक्सी स्टैंड के पास पुलिस गश्ती वाहन के पास विस्फोट हुआ।



■ 31 अगस्त तक मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गईं

# पाक को दो महीने में 127 करोड़ का नुकसान

सिंधु समझौता रद्द करने के भारत के फैसले पर भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद किया गया था, रोजाना 150 फ्लाइट प्रभावित

● भारतीय एयरलाइनों को हर महीने 306 करोड़ का नुकसान, एक साल तक एयर स्पेस बंद रहा, तो एयर इंडिया को 600 मिलियन डॉलर नुकसान होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद करने से दो महीनों में 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि निलंबित करने के भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने संसद में बताया कि इस दौरान रोजाना लगभग 100 से 150 भारतीय उड़ानें प्रभावित हुईं। इससे पाकिस्तान को 24 अप्रैल से 30 जून के बीच 4.10 अरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 127 करोड़ भारतीय रुपये) का नुकसान हुआ। एयरस्पेस बंद करने का यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया था। इस हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाक रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घाटा होने के बाद भी भारतीय विमानों पर लगे प्रतिबंध हटाए नहीं जाएंगे और एयरस्पेस को अगस्त के आखिरी हफ्ते तक बंद रखा जाएगा। इसके बाद स्थिति को देखकर निर्णय लिया जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को पीएम आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की मीटिंग हुई थी। पाकिस्तान को 2019 में भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाने से लगभग 451 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। वहीं, पाकिस्तान के प्रतिबंध के जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के भारतीय एयरस्पेस में घुसने पर रोक लगाई हुई है। पाकिस्तानी मंत्रालय के मुताबिक, नुकसान होने के बावजूद पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी की कुल कमाई में बढ़ोतरी हुई है। 2019 में रोजाना औसत ओवरफ्लाइट (ऊपर से गुजरने वाले विमानों) से होने वाली कमाई 4.24 करोड़ रुपये थी, जो 2025 में बढ़कर 6.35 करोड़ हो गई। पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के बाद 30 अप्रैल को एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय एयरलाइनों को हर महीने करीब 306 करोड़ रुपये से ज्यादा एक्स्ट्रा खर्च करने पड़ सकता है। एअर इंडिया ने अनुमान लगाया था कि अगर एक साल तक एयर स्पेस बंद रहता है, तो उसे 600 मिलियन डॉलर यानी करीब 5081 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख चार दिवसीय भारत यात्रा पर

■ यात्रा का उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बातचीत के लिए 10 से 14 अगस्त तक भारत यात्रा पर हैं।

इस यात्रा का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना है। भारतीय सेना ने इस यात्रा को 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण' बताया और भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने और दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने में इसका उल्लेख किया। दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की भारत यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारतीय सेना की बढ़ती प्रतिष्ठा और सार्थक सहयोग के माध्यम से सामूहिक तैयारियों को आकार देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस यात्रा से परिचालन और रणनीतिक तालमेल को मज़बूत करने और क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग के अगले चरण की नींव रखने की उम्मीद है।

# रूस के लिए जंग लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को मेडल

## पिछले साल यूक्रेन में मारा गया, मां अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर

**मास्को/वाशिंगटन।** यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस के लिए लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को राष्ट्रपति पुतिन ने मरणोपरांत आर्डर ऑफ लेनिन मेडल से सम्मानित किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी युवक का नाम माइकल ग्लास (21) था। वह पिछले साल यूक्रेन में रूस की तरफ से लड़ते हुए मारा गया था। माइकल अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की सीनियर अधिकारी जूलियन गलीना का बेटा था। गलीना सीआईए में डिजिटल इनोवेशन की डिप्टी डायरेक्टर हैं।

माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था। माइकल ने मास्को के रेड स्क्वायर से सेल्फी पोस्ट की थी और सोशल मीडिया पर यूक्रेन युद्ध को प्राक्सी वार बताते हुए पश्चिमी मीडिया को प्रोपगेंडा कहा था। रूसी मीडिया ने अप्रैल 2024 में उसकी मौत की खबर दी। पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा। सीआईए ने बयान कर जारी बताया कि माइकल मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था। एजेंसी ने उसकी मौत राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं माना है। माइकल के पिता लैरी ग्लास अमेरिका के लिए इराक वार में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि, हमें डर था कि रूस में कोई उसकी मां की पहचान न जान ले और उसे राजनीतिक मकसद से इस्तेमाल करे। क्रेमलिन ने 'आर्डर ऑफ लेनिन' मेडल देने की बात आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं की है। यह सोवियत दौर का एक बड़ा नागरिक सम्मान है। अभी यह साफ नहीं है कि मेडल आखिर कहां गया। व्हाइट हाउस, सीआईए और विटकाफ ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर जूलियान जे. गालिना डिजिटल इनोवेशन की चीफ हैं। उन्हें इस पद पर जनवरी 2024 में नियुक्त गया है। गालिना ने अपने करियर की शुरुआत यूएस नेवल एकेडमी से की थी। यहां 1992 में वे ब्रिगेड ऑफ मिडशिपमेन की पहली महिला लीडर बनीं। 1846 में एकेडमी की स्थापना के बाद ऐसा पहली बार हुआ था। गालिना को क्रिप्टोलाजिक आफिसर के रूप में कमीशन किया गया और उन्होंने एक्टिव डयूटी तथा नेवी रिजर्व में सेवा दी।



■ माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था
■ पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108